RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 शूटिंग के दौरान हुई घायल...

वर्ष : 27 | अंक : 195 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 05 जुलाई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## प्रेमिका का प्रेमी ने काट दिया गला

### पुलिस एनकाउंटर में गिरफ्तार आरोपी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का अंजाम अक्सर खौफनाक होता है। आए दिन अवैध प्रेम संबंधों के चक्कर में हत्याओं के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। ऐसा ही एक खौफनाक मामला ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक- 3 में प्रकाश में आया है। यहां प्रेमी ने अपनी प्रेमिका से छुटकारा पाने के लिए गला काटकर नृशंस तरीके से उसे मौत के घाट उतार दिया। हालांकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महज 6 घंटे के भीतर ही आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

सेंट्रल जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार को थाना ईकोटेक 3 पुलिस को अनस नाम के युवक ने निर्माण विहार कॉलोनी में अपनी मां की गला काटकर हत्या किए जाने की सूचना दी। अनस ने बताया कि उसकी मां की हत्या मुकीम ने की है। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मामले का खुलासा करने के लिए दो टीमें बनाई गई। पुलिस की एक टीम द्वारा चौगानपुर गोल चक्कर के पास चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान बाइक पर आ रहा मुकीम पुलिस को देखकर बाइक को छोड़कर भागने लगा। पुलिस ने घेरा बनाकर उसे दबोचने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में मुकीम को गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया उसके बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। मुकीम के पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ।



दादरी क्षेत्र के मोहल्ला मेवातियां निवासी मुकीम ने बताया कि लुहारली निवासी शबनम को उसके पति ने तलाक दे दिया था। उसके पिछले काफी समय से शबनम के साथ प्रेम संबंध थे। दोनों के प्रेम संबंधों की भनक उनके परिजनों को लग गई थी। मुकीम और शबनम के परिजन उनके प्रेम संबंधों का लगातार विरोध कर रहे थे। इस विरोध के चलते दोनों का मिलना जुलना भी कम हो गया था। मुकीम के मुताबिक शबनम अक्सर उस पर मिलने का दवाब बनाती थी जिससे वह परेशान हो गया था। मुकीम के मुताबिक उसने निर्माण विहार में एक कमरा किराए पर लिया और शबनम से पीछा छुड़ाने की योजना बनाई।

डीसीपी ने बताया कि मुकीम ने शबनम को ठिकाने लगाने के लिए उसे अपने किराए के कमरे पर बुलाया (शेष पृष्ठ-4 पर)

## प्रभारी मंत्री ने किया चाइल्ड पीजीआई का निरीक्षण





**नोएडा ( चेतना मंच )।**
उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री तथा जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने आज सुबह सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई का दौरा किया। वहां उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों एवं तीमारदानों से मिलकर उनकी परेशानी पूछी। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के निदेशक तथा अन्य डॉक्टरों से भी जानकारी ली।

इस दौरान चाइल्ड पीजीआई के निदेशक एके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश कुमार, जिला अधिकारी मनीष वर्मा, उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ के निदेशक व भाजपा के महामंत्री गणेश जाटव, महामंत्री उमेश त्यागी, सांसद प्रतिनिधि संजय वाली तथा अस्पताल के डॉक्टर वहां स्टाफ मौजूद थे।

इसके पूर्व हॉस्पीटल पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने प्रभारी मंत्री को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। तकरीबन 1 घंटे तक अस्पताल के विभिन्न डिपार्टमेंट का निरीक्षण करने के पश्चात प्रभारी मंत्री अपने दलबल के साथ ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना हो गए।

## डॉयल-112 पर 126 बार कॉल, सिरफिरे की तलाश

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आम जनता को परेशानी में तुरंत सहायता पहुंचाने के लिए डायल-112 नंबर 24 घंटे कार्यशील रहता है। किसी भी परेशानी में अक्सर लोग डायल 112 नंबर का सहारा लेते हैं। लेकिन एक सिरफिरे ने पुलिस सहायता नंबर डायल 112 पर एक दो नहीं बल्कि 126 बार कॉल कर नोएडा पुलिस की नींद उड़ा दी। सिरफिरे द्वारा पुलिस सहायता डायल 112 नंबर का दुरुपयोग करने पर उसके खिलाफ थाना बादलपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस इस सिरफिरे की अब सरगर्मी से तलाश कर रही है।

यू पी 112 आपात सेवाएं कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में कार्यरत उप निरीक्षक सत्यवीर सिंह ने सेंट्रल जोन के थाना बादलपुर में गौतम रेजिडेंसी साईं लोक छपरौला ग्रेटर नोएडा निवासी आयूब के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि आरोपी अयूब ने नवंबर माह में डायल-112 नंबर पर 126 बार कॉल की। इस मामले में कमिश्नरेट गौतम बुध नगर डायल-112 नंबर मुख्यालय लखनऊ से आरोपी द्वारा 126 बार किन परिस्थितियों में एवं किस प्रयोजन में कॉल की गई इसके लिए स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से जांच कर कार्रवाई से अवगत कराने के लिए निर्देशित किया गया था। स्थानीय स्तर पर की गई प्राथमिक जांच से कॉलर का नाम पता व कॉल करने का उद्देश्य स्पष्ट नहीं हो पाया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## शादी के घर में पसरा मातम हादसे में दूल्हे समेत 8 की मौत

**संभल ( एजेंसी )।** मेरठ-बदायूं रोड पर बारातियों की बोलेरो अनियंत्रित होकर इंटर कॉलेज की दीवार से टकरा गई। हादसे में दूल्हे समेत आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दूल्हे की बहन, चाची, चचेरी बहन और रिश्तेदार भी शामिल हैं। शादी के घर में हुए इस बड़े हादसे के बाद परिजनों का बुरा हाल है और घर में मातम पसरा हुआ है।



संभल के जुनावई थाना क्षेत्र के हरगोविंदपुर गांव निवासी सुखराम ने अपने बेटे सूरज की शादी जनपद बदायूं के थाना बिल्सी इलाके के सिरसौल गांव में तय की थी। शुक्रवार को बरात गांव सिरसौल जा रही थी। बरातियों की 11 गाड़ियां पहले ही सिरसौल के लिए रवाना हो गईं थीं। एक बोलेरो पीछे रह गई थी, जिसमें दूल्हे समेत 10 लोग सवार थे।

रास्ते में बोलेरो जुनावई स्थित जनता इंटर कॉलेज की दीवार जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने किसी तरह से घायलों को बोलेरो से बाहर निकला (शेष पृष्ठ-4 पर)

## ब्लैकमेल करने के लिए झूठी एफआईआर!

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना रबूपुरा में एक व्यक्ति ने पिता पुत्री के खिलाफ साजिश के तहत ब्लैकमेल करने के उद्देश्य से झूठा मुकदमा पंजीकृत कराने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी जमील खान ने न्यायालय में दिए शिकायत पत्र में बताया कि गांव के ही फिरोज (काल्पनिक नाम) ने उसके बेटे इरफान एवं भतीजे रशीद के खिलाफ 5 मई 2023 को खेत पर जाते समय जबरदस्ती रोकने एवं छेड़छाड़ करने के आरोप में पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज कराते समय आरोपी ने अपनी बेटी की उम्र 16 वर्ष दर्ज कराई थी। इस संबंध में आरोपियों ने बतौर सबूत के रूप में विद्यालय की टी सी भी पुलिस को उपलब्ध कराई थी जिसमें पीड़िता को नाबालिक दर्शाया गया था। जमील खान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि फिरोज खान की बेटी का विवाह 27 दिसंबर 2022 को हुआ। किसी बात को लेकर दोनों के बीच तलाक हो गया। इस संबंध में फिरोज की बेटी ने स्वयं की उम्र 22 वर्ष बताते हुए न्यायालय में वर्ष 2023 में मुकदमा दायर किया था।

इस परिवाद में फिरोज की बेटी ने शपथ पत्र पर स्वयं की उम्र 22 वर्ष बताई थी। इसके अलावा फिरोज ने इस मुकदमे में धारा 202 सीआरपीसी के बयान शपथ पर दर्ज कराई । (शेष पृष्ठ-4 पर)

## अंतिम निवास में हुआ पौधारोपण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान को आगे बढ़ाने की दिशा में सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास पर आज पौधारोपण किया गया। यह अभियान अंतिम निवास का संचालन करने वाली संस्था नोएडा लोकमंच ने रोटरी क्लब ओखला सिटी दिल्ली के सहयोग से चलाया।

नोएडा लोकमंच के महासचिव महेश सक्सेना ने बताया कि इस अभियान को, हरित स्मृति प्रकृति को नमन, नाम दिया गया है। इस दौरान कई प्रकार के पौधे लगाए गए। बता दें कि नोएडा लोकमंच हर वर्ष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करता है। वहीं अक्सर कई लोग अपने (शेष पृष्ठ-4 पर)



## एनटीपीसी का संविदा कर्मी चोरी करते पकड़ा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जारचा क्षेत्र स्थित एनटीपीसी विद्युत संयंत्र में चोरी कर रहे एक चोर को सुरक्षा बलों ने मौके पर ही दबोच लिया। इसके पास से विद्युत संयंत्र से चोरी किया गया कॉपर का सामान बरामद हुआ है। पकड़ा गया आरोपी एनटीपीसी में संविदा कर्मचारियों के रूप में काम करता था।

एनटीपीसी की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों को 3 जुलाई की रात को सीसीटीवी कैमरे में सेंट्रल स्टोर के शेड नंबर-7 के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। जवानों ने इसकी सूचना तुरंत सहायक उप निरीक्षक विक्रम सिंह क्यूआरटी टीम को दी।

सीआईएसएफ के जवानों ने मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को दबोच लिया। इसके पास से कॉपर की रोड दो बंडल कॉपर वायर एक स्क्रैप बैग मिला। पकड़े गए आरोपों की पहचान हरीश पुत्र वीर सिंह निवासी (शेष पृष्ठ-4 पर)

## एटीएम में फंसे रुपये निकालकर हड़पे

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** लालच में आदमी अक्सर गलत कदम ही उठता है। ऐसे ही लालच में फंसकर एटीएम मशीन में रुपए डालने वाली कंपनी के कर्मचारियों ने बैंक के डेढ़ लाख रुपए हड़प लिए। कंपनी के अधिकारी ने कर्मचारियों के खिलाफ थाना जेवर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हिताची कैश मैनेजमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की लीगल इन्वेस्टिगेशन मैनेजर महक गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी कंपनी का कार्यालय नोएडा के सेक्टर 2 में स्थापित है हिताची कैश मैनेजमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड विभिन्न बैंकों का धन एसपी बैंक के इंडेंट के अनुसार एटीएम में लोडिंग अनलोडिंग का कार्य करती है। 7 मार्च को खुर्जा रोड जेवर स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम की ईओडी करने के लिए कस्टोडियन गौरव चौधरी और अजीत प्रताप को नियुक्त किया गया था। आंतरिक मिलन से पता चला कि डेढ़ लाख रुपए खुर्जा रोड जेवर स्थित एटीएम मशीन में फंस गए थे। इस पैसे को निकालकर लाकर जमा करने की जिम्मेदारी दोनों कस्टोडियन की थी। आंतरिक जांच में पता चला कि दोनों कस्टोडियन ने एटीएम में फंसी धनराशि निकालकर कार्यालय में जमा नहीं की। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## ट्रस्ट की जमीन पर हुई तारबंदी को तोड़ा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बिसरख जलालपुर में पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में पैमाइश के बाद कराई गई ट्रस्ट की जमीन की तारबंदी कुछ लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इस संबंध में थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

निवासी सराय अली गाजियाबाद निवासी रोहित दत्त शर्मा ने बताया कि गर्ग फैमिली ट्रस्ट के ट्रस्टी गिन्नी गर्ग, धर्मपाल गर्ग ने बिसरख जलालपुर गांव में ट्रस्ट की जमीन की पेमेंट करने एवं उसकी देखरेख करने के लिए उसे अधिकृत नियुक्त किया था। उक्त जमीन की पैमाइश के लिए उसने उप जिलाधिकारी न्यायालय में एक वाद धारा 24 अप रिवेन्यू एक्ट दायर किया था। उप जिलाधिकारी की अदालत में खसरा संख्या 288/3 गर्ग फैमिली ट्रस्ट की जमीन की पेमेंट करने के लिए रेवेन्यू अधिकारी लेखपाल कानून को एवं न्याय तहसीलदार को 19 जून को (शेष पृष्ठ-4 पर)

## गार्ड को पीटने वाले दबंग पुलिस की पकड़ से दूर



साहिबाबाद। थाना टीला मोड़ क्षेत्र की भारत सिटी सोसाइटी में गार्ड की पिटाई करने वाले दबंग अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। जबकि गार्ड सरकारी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। उसकी जान को बचाने के लिए दो बार ऑपरेशन हो चुका है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

गार्ड अनवर का किसी बात पर कुछ लोगों से विबाद हो गया था,थोड़ी देर बाद कई लोग एक राय होकर आये और गार्ड अनवर को जमीन पर (शेष पृष्ठ-4 पर)

## प्रभावी पैरवी न करने वाले वकीलों को पैनल से हटाएं: नंदी

### सिविल विभाग के कार्यों पर जताया संतोष, ड्रीम प्रोजेक्ट में तेजी लाने के निर्देश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लापरवाह व निष्क्रिय वकीलों को नोएडा प्राधिकरण के पैनल से हटाया जाए तथा उनकी जगह सक्रिय व प्रभावी पैरवी करने वाले वकीलों की नियुक्ति की जाए। ये आदेश दिये प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता ने दी। वे सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

प्राधिकरण का तमाम आदलतों में वाद चल रहे है। कई मामलों में पैरवी बेहतर नहीं है। जबकि कई में बेहतर पैरवी की जा रही है। वकीलों द्वारा परफेंस और आउटपुट के आधार पर उनकी समीक्षा की जाए। जिनका कार्य असंतोषजनक मिले उनको प्राधिकरण के पैनल से हटाया जाए। उनके स्थान पर नए वकीलों को हायर किया जाए। जिन कर्मियों और अधिकारियों की जांच चल रही है शासन स्तर से समन्वय बनाते हुए तत्काल निपटारा कराया जाए।




श्री नंदी ने कहा कि औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि एमओयू के सापेक्ष आवंटित की गई भूमि पर इकाइयों को जल्द से जल्द कार्यशील कराया जाए। जिन भी अधिकारियों और कर्मचारियों की विभागीय जांच चल रही है। शासन स्तर से समन्वय बनाकर उसका निपटारा कराए। प्रभावी पैरवी नहीं करने वाले वकीलों को प्राधिकरण के पैनल से हटाया जाए। साथ ही परिसंपत्तियों के सापेक्ष मानचित्र स्वीकृति में देरी होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई।

इसके बाद भू-उपयोग की आवंटित प्लाट की फाइलों को देखा गया। निवेश और रोजगार बढ़ाने पर चर्चा की गई। इस दौरान नंद गोपाल नंदी ने 100 रुपए से बड़े बकायादारों से कितनी वसूली हो चुकी है। इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने निर्देश दिए कि जो मामले में अदालत में है उनमे पैरवी की जाए। बाकि पर एक्शन लिया जाए। वहीं स्टॉल्ड लिगेसी के तहत बिल्डर की ओर से जमा कराए गई रकम और रजिस्ट्री की समीक्षा की गई।

सिविल विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं जिसमें डीएससी मार्ग पर अगाहपुर पेट्रोल पम्प से एनएसईजेड तक एलिवेटेड रोड, (शेष पृष्ठ-4 पर)

## पैसों के विवाद में मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उधार लिए गए पैसों के विवाद में तीन लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 में रहने वाले रंजीत ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसकी जगत फार्म में आईएस बैग हाउस के नाम से दुकान है। उसने विनोद से कुछ समय पहले कुछ रुपए उधार लिए थे। इन पैसों को वह धीरे-धीरे चुका रहा था। 20 जून की शाम को वह शनि मंदिर से सेक्टर गामा-1 होते हुए अपनी दुकान जा रहा था। इस दौरान रास्ते में खड़े शरद उर्फ विनोद और उसके दो अन्य साथियों ने उसे रोककर पैसों को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। उसने जब गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट कर घायल करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## सवारी सेवाएं

समय की जरूरत और नई पीढ़ी के रुझान के मद्देनजर पिछले कुछ वर्षों में देश में कैब सेवाओं का आधार व्यापक हुआ है। कैब सेवाएं उपलब्ध कराने वाली देशी-विदेशी कंपनियों की कड़ी प्रतिस्पर्धा ने इस क्षेत्र को आशातीत विस्तार दिया है। लेकिन साथ ही चालकों के हित संरक्षण और उपयोगकर्ताओं के हितों के नियमन की आवश्यकता भी लंबे समय से महूसस की जा रही थी। इन सवारी सेवाओं पर लागू होने वाले नये दिशा-निर्देशों का मकसद कैब एग्रीगेटर्स को अधिक अवसर प्रदान करना, ड्राइवरों के कल्याण को सुनिश्चित करना और उपयोगकर्ताओं के हितों की रक्षा के बीच संतुलन बनाना है। सरकार ने उबर,ओला,इन-ड्राइव और रैपिडो जैसे एग्रीगेटर्स को पीक ऑवर्स के दौरान बेस किराए से दुगना तक चार्ज करने की अनुमति दी है। उल्लेखनीय है कि पहले यह बेस किराए से डेढ़ गुना अधिक था। जिसे सेवाओं में दबाव की स्थिति में किराये की तेजी के रूप में दर्शाया जाता था। इसके साथ ही, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी संशोधित मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश-2025 में गैर-पीक ऑवर्स के शुल्क को बेस किराए से पचास प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है। दरअसल, यह कदम ये सुनिश्चित करने के लिये है कि पीक ऑवर्स के दौरान यात्रियों पर बोझ न पड़े और एग्रीगेटर्स अन्य समय में भारी छूट के माध्यम से प्रतिस्पर्धा को कम न करे। केंद्र सरकार के अनुसार, वर्ष 2020 के दिशा-निर्देशों के संशोधित संस्करण के नए मानदंड उपयोगकर्ता की सुरक्षा और चालक के कल्याण के मुद्दों पर ध्यान देते हुए एक हल्की-फुल्की नियामक प्रणाली प्रदान करने का एक प्रयास है। इसमें शामिल अन्य प्रावधानों के अनुसार एग्रीगेटर्स को वाहन की लोकेशन और ट्रैकिंग डिवाइस लगानी होगी। इसका मकसद यात्रा करने वाले लोगों को सुरक्षा प्रदान करना भी है। ट्रैकिंग डिवाइस लगाने का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें वाहन की स्थिति की जानकारी मिलती रहे। जिसका राज्य सरकारों के एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर से जुड़ा रहना भी जरूरी है। निश्चय ही यह महिला सवारियों की सुरक्षा के मद्देनजर अपरिहार्य कदम है। इसके अलावा ड्राइवरों के हितों का भी ध्यान रखा गया है। उनके लिये बेहतर कमाई का प्रतिशत अनिवार्य किया गया है। उनके पास क्रमशः कम से कम पांच लाख और दस लाख रुपये का स्वास्थ्य और टर्म बीमा होना चाहिए। केंद्र सरकार के इस हालिया प्रयास ने राज्यों के लिये बाइक टैक्सियों को अनुमति देने का रास्ता भी खोल दिया है। निस्संदेह, ये प्रयास जहां अधिक राजस्व पैदा करने का जरिया बन सकता है, वहीं रोजगार सृजनकर्ता भी साबित हो सकता है। देश में जिस तरह बेरोजगारी की समस्या है, उसमें रोजगार के नये क्षेत्र पैदा करना वक्त की जरूरत है। यदि चालकों के लिये बेहतर कार्य परिस्थितियां और सम्मानजनक आय की व्यवस्था हो पाती है तो कई बेरोजगार इस दिशा में पहल कर सकते हैं। लेकिन जरूरी है कि एग्रीगेटर चालकों के साथ मनमानी न कर सकें। हर छोटे-बड़े व्यक्ति को आत्मसम्मान के साथ जीविका उपार्जन का अधिकार है। किसी भी काम को हेय दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। कई छात्र बेहतर कैरियर की चाह में अपनी पढ़ाई के खर्च के लिये पार्ट टाइम कार व बाइक टैक्सियां चलाते हैं। उन वाहनों में सफर करने वाले यात्रियों को भी इनके साथ सम्मानजनक ढंग से पेश आना चाहिए। उनके जीवन संघर्ष को हमें संबल देना चाहिए। नये प्रावधानों में राज्य सरकारों को सभी वाहनों, यहां तक कि ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सियों के लिये भी आधार किराया अधिसूचित करना होगा। उन्हें अगले तीन महीने के भीतर नये मानदंडों को अपनाने की सलाह दी गई है। निश्चित रूप से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी संशोधित मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश-2025 मौजूदा वक्त की जरूरतों के अनुरूप ही हैं। जो एक ओर कैब चालकों के हितों की रक्षा करते हैं, वहीं यात्रा करने वालों की सुरक्षा व आर्थिक हितों को भी संरक्षण प्रदान करते हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नये प्रावधानों के नियमन के लिये कितनी पारदर्शी व्यवस्था बनायी जाती है। निश्चित रूप से कानून बनाने से महत्वपूर्ण यह भी है कि उनके क्रियान्वयन में सजगता व सतर्कता सुनिश्चित की जाए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ( अंत में ) हृदय में सोच-विचारकर, गो का रूप धारण कर धरती वहाँ गई, जहाँ सब देवता और मुनि ( छिपे ) थे। पृथ्वी ने रोककर उनको अपना दु:ख सुनाया, पर किसी से कुछ काम न बना॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सुर मुनि गंधर्बा मिलि करि सर्बा गे बिरंचि के लोका।**
**सँग गोतनुधारी भूमि बिचारी परम बिकल भय सोका॥**
**ब्रह्माँ सब जाना मन अनुमाना मोर कछू न बसाई।**
**जा करि तैं दासी सो अबिनासी हमरेउ तोर सहाई॥**

तब देवता, मुनि और गंधर्व सब मिलकर ब्रह्माजी के लोक (सत्यलोक) को गए। भय और शोक से अत्यन्त व्याकुल बेचारी पृथ्वी भी गो का शरीर धारण किए हुए उनके साथ थी। ब्रह्माजी सब जान गए। उन्होंने मन में अनुमान किया कि इसमें मेरा कुछ भी वश नहीं चलने का। (तब उन्होंने पृथ्वी से कहा कि) जिसकी तू दासी है, वही अविनाशी हमारा और तुम्हारा दोनों का सहायक है॥

**धरनि धरहि मन धीर कह बिरंचि हरि पद सुमिरु।**
**जानत जन की पीर प्रभु भंजिहि दारुन बिपति॥**

ब्रह्माजी ने कहा-हे धरती! मन में धीरज धारण करके श्री हरि के चरणों का स्मरण करो। प्रभु अपने दासों की पीड़ा को जानते हैं, वे तुम्हारी कठिन विपत्ति का नाश करेंगे॥

**बैठे सुर सब करहिं बिचारा। कहँ पाइअ प्रभु करिअ पुकारा॥**
**पुर बैकुंठ जान कह कोई। कोउ कह पयनिधि बस प्रभु सोई॥**

सब देवता बैठकर विचार करने लगे कि प्रभु को कहाँ पावें ताकि उनके सामने पुकार (फरियाद) करें। कोई बैकुंठपुरी जाने को कहता था और कोई कहता था कि वही प्रभु क्षीरसमुद्र में निवास करते हैं॥

**( क्रमश:... )**

# भविष्य के युद्धों के लिए तैयार होती भारतीय सेना

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से ही भारत अपनी सेनाओं को आत्मनिर्भर, स्वदेशी तकनीक से समृद्ध, सुदृढ़ व सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। भारतीय सेना को भविष्य की रक्षा चुनौतियों लिए इस प्रकार तैयार किया जा रहा है कि भूमि से लेकर वायु और समुद्र की गहराई से लेकर अंतरिक्ष की ऊंचाईयों तक अपनी सुरक्षा के लिए किसी अन्य पर निर्भर न रहना पड़े। आज अति आधुनिक ड्रोन से लेकर अविश्वसनीय मारक क्षमता वाली मिसाइलों तक का निर्माण भारत में किया जा रहा है।

विगत दिनों ईरान-इजराइल के मध्य संघर्ष के बीच ईरान के शक्तिशाली व मजबूत परमाणु संयंत्रो को नष्ट करने की क्षमता न होने के कारण इजराइल को भी अमेरिका की शरण में जाना पड़ा था। ऐसी ही परिस्थितियों से बचने के लिए भारत अब बंकर ब्लस्टर बम बनाने की दिशा में भी अग्रसर है। वर्तमान समय में कुछ ही राष्ट्रों के पास बंकर ब्लस्टर जैसी सुविधा उपलब्ध है और जब भारत भी उस श्रेणी में आ जाएगा। जब भारत का यह स्वदेशी बंकर ब्लस्टर बम बनकर तैयार हो जाएगा तब हमारी अग्नि-5 मिसाइल दुश्मन के मजबूत ठिकानों और तहखानों को मिनटों में ध्वस्त करक वापस चली आएगी।

भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं संगठन अग्नि 5 मिसाइल के दो नये एडवांस प्रारूप विकसित कर रहा है जिसमें प्रथम प्रारूप बंकर ब्लस्टर वॉरहेड या विस्फोटक ले जाने वाला होगा जो जमीन के भीतर 80 से 100 मीटर तक जाकर दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करेगा जबकि दूसरा प्रारूप विस्फोटक ले जाने वाला होगा। ये दोनों ही प्रारूप दुश्मन के डिफेंस सिस्टम, न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और हथियार डिपो को ध्वस्त करके वापस लौट आएंगे। अग्नि -5 बंकर ब्लस्टर मिसाइल जमीन, सड़क और मोबाइल लांचर से दागी जाएगी। अग्नि-5 भारत की एक ऐसी मिसाइल है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक निशाना लगा सकती है। इसकी रेंज 5 से 7 हजार किमी तक हैं ये परमाणु हथियार भी ले जा सकती है। भारत का बंकर ब्लस्टर बम अमेरिकी बम से भी अधिक क्षमतावान बनाया जा रहा है।भारत की बंकर ब्लस्टर मिसाइल अमेरिकी बम से अधिक गहराई तक निशाना लगा सकती है। भारत को चीन और पाकिस्तान से पैदा हुए खतरे को देखते हुए ही इस प्रकार की मिसाइल का निर्माण किया जा रहा है।

भारतीय नौसेना को मिला तमाल- इसी प्रकार ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस अब तक का सबसे घातक आधुनिक स्टील्थ युद्धपोत आईएनएस तमाल अब भारतीय नौसेना में शामिल हो गया है जिसके कारण अब समुद्र में भी भारत की ताकत बढ़ गई है। इस बहुददेशीय अतिआधुनिक युद्धपोत का जलावतरण रूस के केलिनिनग्राद में हुआ।



**वर्तमान समय में कुछ ही राष्ट्रों के पास बंकर ब्लस्टर जैसी सुविधा उपलब्ध है और जब भारत भी उस श्रेणी में आ जाएगा। जब भारत का यह स्वदेशी बंकर ब्लस्टर बम बनकर तैयार हो जाएगा तब हमारी अग्नि-5 मिसाइल दुश्मन के मजबूत ठिकानों और तहखानों को मिनटों में ध्वस्त करक वापस चली आएगी।**

नौसेना के पश्चिमी बेड़े में शामिल यह युद्धपोत हिंद सागर में तैनात होगा और पाकिस्तान से लगती सीमा पर निगरानी में भारत की सबसे बड़ी ताकत बन जायेगा। तमाल युद्धपोत विगत दो दशकों में रूस से प्राप्त क्रियाक श्रेणी के युद्धपोतों की श्रृंखला में आठवां युद्धपोत है। यह पूर्ववर्ती संस्करणों की तुलना में अधिक उन्नत है। इसमें लंबवत प्रक्षेपित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें उन्नत 100 मिलीमी की तोप, मानक 30 मिलीमीटर गन क्लोज -इन हथियार प्रणाली के अलावा आधुनिक समय की प्रणाली अत्यधिक भार वाले टारपीडो तत्काल हमला करने वाले पनडुब्बी रोधी, रॉकेट और अनेक निगरानी एवं अग्नि नियंत्रण रडार तथा अन्य प्रणालियां शामिल हैं।

युद्धपोत का नाम तमाल देवताओं के राजा इंद्र की पौराणिक तलवार से लिया गया है। इसकी मारक क्षमता भी उसी तरह तेज, आक्रामक और निर्णायक है। इसका शुभंकर भारतीय पौराणिक कथाओं के अमर भालू जाम्बवंत और रूसी राष्ट्रीय पशु यूरेशियन भूरे भालू की समानता से प्रेरित है। तमाल युद्धपोत का निर्माण रूस के कैलिनिनग्राद स्थित यांतर शिपयार्ड में हुआ है और इसमें 26 प्रतिशत स्वदेशी उपकरण हैं। सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह आखिरी युद्धपोत है जो विदेश में बना है अब ऐसा कोई भी युद्धपोत भारत में ही बनेगा जिसके बाद भारत की नौसेना की शक्ति और बढ़ जाएगी। इस युद्धपोत के कुशल संचालन व रखरखाव के लिए 250 नौसेना कर्मियों ने रूस में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह बहु मिशन युद्धपोत भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और गैर पारंपरिक दोनों तरह के खतरों से निपटने में सक्षम है।

भारत की नोसेना को एक और स्वदेशी युद्धपोत उदयगिरि का उपहार भी मिला है। इस युद्धपोत में सुपरसोनिक सतह से सतह से मार करने वाली प्रणाली लगी है। इसमें 76 मिमी गन, 30 मिमी और 12.7 मिमी की रैपिड फायर गन सहित डीजल इंजन और गैस टर्बाइन युक्त सीओडीजी प्रणाली है। इस 3900 टन वजनी और 125 मीटर लंबे युद्धपोत में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लैस हैं। यह देनों ही युद्धपोत भारत की समुद्री सीमा की सुरक्षा में प्रमुख भूमिका निभाने वाले हैं।

**- मृत्युंजय दीक्षित**

## प्रशिक्षकों के साथ अन्याय क्यों?

दशकों से हिमाचल प्रदेश में प्रशिक्षकों से अन्याय हो रहा है। कहते हैं प्रशिक्षक कैडर के भर्ती व पदोन्नति नियमों में सुधार कर लिया है, मगर अभी तक जूनियर प्रशिक्षक का स्केल और काम जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी का लिया जा रहा है। इस विषय पर इस कॉलम के माध्यम से बार-बार सरकार को चेताया है कि राज्य में प्रशिक्षकों का स्तर ऊंचा किए बिना खेलों में उत्कृष्टता हासिल नहीं की जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी करोड़ों लोगों में स्वयं व अपने देश को पदक जीत कर सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करता है, तो उसके पीछे जहां उस दृढ़ संकल्प, लगातार कठोर परिश्रम व अपनों की सहायता व दुआएं होती हैं, वहीं पर एक प्रशिक्षक की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। इसीलिए अलग से राज्यों में खेल विभागों का गठन हुआ है। 1982 के एशियाड के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार ने भी प्रदेश में हिमाचल प्रदेश युवा सेवाएं एवं खेल विभाग का गठन किया। विभाग के गठन के चार दशक बाद भी अभी तक हिमाचल प्रदेश में प्रशिक्षकों के भर्ती व पदोन्नति नियमों को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है।

हिमाचल प्रदेश के इस विभाग में निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों, कनिष्ठ प्रशिक्षकों व युवा संयोजकों के पद सृजित हैं। इस विभाग का कार्य प्रदेश में युवा गतिविधियों व खेलों का विकास करना है। हिमाचल प्रदेश में यह विभाग खेल प्रशिक्षण, खेलों के लिए आधारभूत ढांचा व राष्टीय व अंतरराष्टीय स्तर पर पदक विजेता होने पर नगद पुरस्कार व अवार्ड देने के लिए बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश के इस विभाग का निदेशक प्रशासनिक सेवा से ही अधिकतर नियुक्त होता रहा है, केवल विशेष परिस्थितियों में ही आज तक दो बार ही विभागीय अधिकारी निदेशक पद तक पहुंच पाए हैं। उपनिदेशक और कभी-कभी संयुक्त निदेशक पद तक विभाग के प्रशिक्षक व युवा संयोजक पदोन्नत होकर पहुंच जाते हैं। इन विभागीय अधिकारियों को अधिक तकनीकी जानकारी होती है। विभाग के पास आजकल कोई भी उप निदेशक नहीं है, हां इस समय संयुक्त निदेशक के पद पर एक प्रसाशनिक अधिकारी की नियुक्ति है। आजकल हिमाचल प्रदेश युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के पास कोई भी नियमित जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी भी केवल चार ही जिलों में थे, पिछले साल कुछ नियुक्तियां हुई हैं। राज्य के शेष जिलों में कामचलाऊ अधिकारी बिठा रखे हैं।

सरकार को चाहिए कि जल्दी ही उपनिदेशक के पद पर नियमित पदोन्नति की जाए। लगता है कि सरकार के लिए युवा शक्ति व खेल प्राथमिकता पर नहीं हैं। विभाग में नाममात्र के प्रशिक्षक हैं। अधिकतर खेलों में तो एक भी प्रशिक्षक पूरे जिले के लिए उपलब्ध नहीं है। विभाग में जो प्रशिक्षक नियुक्त हैं, उन्हें कनिष्ठ प्रशिक्षक के पद पर नियुक्ति मिली है। उसके बाद वे सेवानिवृत्त होने तक भी प्रशिक्षक नहीं बन पाए हैं। विभाग में नियुक्त प्रशिक्षकों को जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी पद पर पदोन्नति के लिए केवल 25 प्रतिशत ही कोटा है। 50 प्रतिशत युवा संयोजक व 25 प्रतिशत पद हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाते हैं। प्रशिक्षक बनने की योग्यता बहुत कठिन है।

स्नातक डिग्री के साथ जो प्रतिभागी अंतरराष्टीय खिलाड़ी हो या तीन बार वरिष्ठ राष्टीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया हुआ हो या शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में खेला हो, उसके बाद राष्टीय क्रीड़ा संस्थान में प्रवेश परीक्षा पास कर एक वर्ष के कठिन प्रशिक्षण व शिक्षण के बाद प्रशिक्षक बनता है। सेवा नियमों में एक समय एमपीएड के साथ कंडैंस कोर्स, जो छह माह का होता था, उसे पास किया हुआ प्रशिक्षक के पद के लिए योग्य था, मगर अब ऐसा कोई नियम नहीं है। हिमाचल प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह प्रदेश में नियुक्त कनिष्ठ प्रशिक्षकों को पांच साल के बाद प्रशिक्षक के पद पर पदोन्नत कर 50 प्रतिशत कोटा जिला अधिकारी पद पर पदोन्नति के लिए दिया जाए। क्योंकि प्रशिक्षकों की संख्या बहुत अधिक है। अगर हर खेल में जिला स्तर पर पांच प्रशिक्षक भी हों तो प्रशिक्षकों की संख्या सौ से भी अधिक जा सकती है। इसके मुकाबले बारह जिलों में बारह ही युवा संयोजक नियुक्त हैं। इस तरह देखा जाए तो यह प्रशिक्षकों के साथ बहुत अन्याय है। प्रदेश में विभिन्न खेलों के लिए अंतरराष्टीय स्तर की प्ले फील्ड तो बन कर तैयार हैं, मगर उनका न तो सही रखरखाव है और न ही उन पर उस स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम हो रहा है। सरकार को चाहिए कि वहां पर उन खेलों में उच्च प्रदर्शन करवाने वाली खेल अकादमियां स्थापित की जाएं। हिमाचल प्रदेश में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के दो खेल छात्रावास बिलासपुर व ऊना में कुछ चुनिंदा खेलों के लिए कामचलाऊ प्रशिक्षण प्रबंध तो है, मगर उत्कृष्ट प्रदर्शन करवाने वाले प्रशिक्षकों की कमी व प्रबंधन में अव्यवस्था साफ देखी जा सकती है।

उत्कृष्ट खेल परिणाम दिलाने वाले प्रशिक्षक बहुत कम हैं। क्योंकि विभाग में प्रशिक्षकों की अनदेखी होती है जिसमें बहुत कम ग्रेड पे व दशकों से कनिष्ठ पद पद पर कार्यरत रहने के कारण राष्टीय क्रीड़ा संस्थान से प्रशिक्षित प्रशिक्षक खेल विभाग में प्रशिक्षक बनने से अधिक शिक्षा विभाग में प्राध्यापक या डीपीई बनने को अधिमान देते हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करवाने के लिए प्रशिक्षकों व खिलाडियों के लिए एक अच्छी प्रबंधन टीम की अहम भूमिका है। सही प्रबंधन मिले, इसके लिए नियमित जिला खेल अधिकारियों, उपनिदेशकों, प्रशिक्षकों, अन्य अधिकारियों की नियुक्ति बेहद जरूरी है। खिलाड़ी को तैयार करने में प्रशिक्षक की भूमिका जब बेहद जरूरी है तो फिर हम उसे सामाजिक व आर्थिक रूप से निश्चिंत कर शारीरिक व मानसिक पूरी तरह अपने प्रशिक्षण पर केन्द्रित क्यों नहीं होने देते? इसलिए राज्य के युवा सेवाएं एवं खेल विभाग में प्रशिक्षकों के साथ न्याय करने के लिए इनके भर्ती व पदोन्नति नियमों में संख्या अनुपात में संशोधन करना बहुत जरूरी है। सरकार को चाहिए कि प्रशिक्षक कैडर को जल्दी न्याय देकर हिमाचल की खेलों को गति दे।

**-भूपिंद्र सिंह**
**अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक**

## राशिफल

**आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष दशमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
किसी भी तरह का कोई रिस्क न लें, खासतौर पर शारीरिक रिस्क। प्रेम-संतान करीब-करीब ठीक है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी। धन का आवक बढ़ेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
शत्रु परास्त होंगे। कार्यों विघ्न-बाधा के साथ संपन्न होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
गृह कलह के संकेत हैं। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होने के बावजूद भी घरेलू सुख बाधित रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
पराक्रम रंग लाएगा। अगर आपने कुछ सोचा है तो उसे पूरा करें। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कुटुंब में वृद्धि। धन का आवक बढ़ेगा। निवेश मत करिए। जुबान पर काबू रखिए।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
अज्ञात भय सताएगा। खर्च की अधिकता रहेगी। सिरदर्द, नेत्रपीड़ा मिल सकता है। बाकी प्रेम, संतान अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
धन का आवक बढ़ेगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। नए स्रोत से भी रुपए-पैसे आएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। यात्रा का योग बनेगा।

# गोद भराई व अन्नप्राशन कराया महिला आयोग अध्यक्ष ने







**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र छलेरा विकासखंड बिसरख नोएडा में गोद भराई, अन्नप्राशन एवं बेबी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मेंअध्यक्ष ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी की और साथ ही उन्हें पोषण व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। साथ ही छोटे बच्चों का अन्नप्राशन कराते हुए पोषण युक्त आहार की महत्ता पर प्रकाश डाला। नवजात शिशुओं की माताओं को बेबी किट भी वितरित की गई।

अध्यक्ष ने कार्यक्रम के उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में इनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की और समाज के प्रत्येक वर्ग से पोषण अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान ने आश्रम परिसर, कैंटीन और स्टाफ व्यवस्था की भी बारीकी से जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानवता के दृष्टिकोण से किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता को कदापि बर्दाश्त न किया जाए। कोई भी लापरवाही संज्ञान में आने पर तत्काल दोषियों के विरुद्ध विभागीय जांच उपरांत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदौरिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, महिला थाना अध्यक्ष संदीपा चौधरी सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया डॉ. बी.आर. अंबेडकर पुस्तकालय का निरीक्षण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय मुख्यमंत्री अभ्युदय केंद्र नोएडा पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान ने पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया और छात्राओं से पुस्तकालय के माध्यम से चल रही व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।





पुस्तकालय में साफ सफाई स्वच्छ जल शौचालय की सफाई सारे विषयों पर देखा तो पाया की सभी व्यवस्थाएं जो दुरुस्त थी बल्कि छात्रों के लिए विशेष सेनेटरी पेड वेंडिंग मशीन देख कर बहुत खुशी हुई। छात्रों की संख्या अधिक होने के साथ-साथ उनके सुरक्षा की भी विशेष व्यवस्था पुस्तकालय संचालकों ने सीसीटीवी के माध्यम से सुनिश्चित की हुई थी ताकि कोई भी छात्र-छात्राओं के साथ अप्रिय घटना ना हो।

इस मौके पर बबीता चौहान ने कहा कि ऐसे पुस्तकालयों के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों अपना भविष्य संवार रहे हैं। सरकार और सहयोगी संस्थाएं बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा ले रहे हैं।

मैं पुस्तकालय के संचालकों को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने सभी बच्चों को अपना परिवार समझकर व्यवस्था सुनिश्चित की हुई है।

इस मौके पर राज्य महिला आयोग सदस्य श्रीमती मीनाक्षी भराला, पुस्तकालय के संरक्षक गणेश जाटव, भीमराज जाटव, राजेंद्र गौतम, रोहित चौधरी, प्रवेश जाटव, वीरेंद्र कुमार, जिला महामंत्री उमेश त्यागी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौहान, नीरज चौहान, अमित वाल्मीकि, विकास कुंडिया, सुरेंद्र भाटी, रविंद्र यादव, सुधीर अवाना, सुरेंद्र पाल आदि लोग उपस्थित थे।

# 'स्ट्रीट डॉग्स' को भोजन कराने का अभियान चलाया





**नोएडा ( चेतना मंच )।** सरला चोपड़ा डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, नोएडा ने स्कूल के इंटरैक्ट क्लब समर्पण के नेतृत्व में 'स्ट्रीट डॉग्स'को भोजन कराने का अभियान चलाया। इस पहल को बहुत उत्साह के साथ चलाया गया और इसमें कक्षा 1 से 12 तक के 1000 से अधिक छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। छात्रों ने अपने स्थानीय क्षेत्रों में 'स्ट्रीट डॉग्स' को भोजन कराने की जिम्मेदारी ली और फोटो को साँझा किया।

छात्रों को 'स्ट्रीट डॉग्स' के साथ सहानुभूति, प्रेम और सम्मान के साथ समुदाय का हिस्सा मानने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने उन्हें स्वच्छ, पौष्टिक भोजन खिलाया और छायादार, सुरक्षित कोनों में पानी के कटोरे रखे, जो पशु कल्याण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता की भावना को दर्शाता है। अभियान का उद्देश्य युवा शिक्षार्थियों को दयालुता और जिम्मेदारी के मूल्यों का पोषण करते हुए अपने आस-पास के बारे में अधिक जागरूक बनाना था।

इस अभियान की स्कूल की प्रिंसिपल, श्रीमती उपासना शर्मा ने बहुत सराहना की। इंटरैक्ट क्लब ऐसी सामाजिक रूप से जागरूक गतिविधियों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है, जो कक्षाओं से परे सीखने का विस्तार करती हैं और एक देखभाल करने वाले, जिम्मेदार स्कूल समुदाय का निर्माण करने में मदद करती हैं।

# मुख्यमंत्री से आदेश निरस्त करने की मांग

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा हजारों विधालयों को पेयरिंग के नाम पर बंद किया जा रहा हैं। प्राथमिक में 100 से कम व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 150 से कम छात्र संख्या पर विधालयों को प्रधानाध्यापक विहीन कर अध्यापकों को सरप्लस किया जा रहा है ।

लोकतंत्र में इस प्रकार विधालयों को बंद करके नौनिहालों की शिक्षा से खिलवाड़, हजारों प्रधानाध्यापकों के पद एवं रसोइया की सेवा समाप्ति जैसे निर्दयी एवं कठोर निर्णय लिए जा रहें हैं।



उपरोक्त के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष डा दिनेश चंद्र के निर्देशानुसार मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी व जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिलामंत्री गजन भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष रवि भाटी के नेतृत्व में विधायक दादरी तेजपाल नागर व सदस्य विधान परिषद श्रीचंद्र शर्मा को एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्लेराम नागर, ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज शर्मा, सतीश पीलवान के नेतृत्व में विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह को ज्ञापन के माध्यम से उपरोक्त सभी आदेशों को निरस्त करने हेतु मुख्यमंत्री से संस्तुति करने की माँग की है।

मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी ने कहा कि विधालयों को बंद करके बच्चों को शिक्षा सें वांचित व अध्यापकों को सरप्लस दिखाया जा रहा हैं संघ इसका विरोध करेगा।

जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि विभाग गरीब बच्चों को पढ़ाना नही चाहती है। स्कूलों की दूरी बढ़ने से दूसरे गाँव में बच्चे नहीं जा सकते है।

जिला मंत्री गजन भाटी ने बताया कि विधालय बंद होने ,प्रधानाध्यापक को सरप्लस करने जैसे आदेश हितकारी नहीं है। इसी विरोध में हमने आज सम्मानित प्रतिनिधियों को अपना विरोध व्यक्त किया है। आने वाली 08 जुलाई को उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में विशाल धरना प्रदर्शन होगा।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी, जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, अशोक शर्मा जी,ब्लेराम नागर ,हेमराज शर्मा सतीश पीलवान, रवि भाटी ,सतीश नागर ,कुलदीप नागर ,समरेश रावल ,जगवीर शर्मा, मुकेश पाल ,जितेंद्र ,सुरेश नागर ,अमित निमेष ,महेश कुमार ,भूपेन्द्र नागर ,वेदप्रकाश गौतम , ब्रजेशपाल सिंह ,विनोद ठाकुर, अतुल उपाध्याय, रामकुमार शर्मा, रौदास सिंह, शौकत अली, अरविन्द शर्मा, रेनू वर्मा, मनीषा सिंह, राखी रानी, मनीषा राजपूत, चेतराम आदि उपस्थित रहे।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# देवांशी गोयल ने CUTE UG की परीक्षा में हासिल किए 98.84% अंक, बधाईयों का तांता



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-55 निवासी छात्रा देवांशी गोयल ने **CUTE UG** यानी सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा स्नातक में 98.84 अंक लाकर परिवार, समाज तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए)द्वारा आयोजित की जाती है।

इस मौके पर देवांशी गोयल के पिता राजीव गोयल तथा माँ पूनम गोयल ने बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी जताई।

इस मौके पर परिवार तथा क्षेत्र के लोगों ने देवांशी को बधाई दी। देवांशी सेक्टर-22 के समरविले स्कूल से 94.6 फीसदी अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं।

# कांग्रेस ने किये ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला गौतमबुधनगर के अंतर्गत आने वाले चारों ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त कर दिए गए हैं। इनकी नियुक्ति की घोषणा आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा की गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुधनगर के जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने बताया कि विगत सप्ताह सांगठनिक दृष्टि से जनपद गौतम बुध नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का पैनल ब्लॉक अध्यक्षों नियुक्ति के प्रस्ताव के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय को भेजा गया था। इसकी अनुमति व प्रस्ताव का अनुमोदन उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अनुमोदन के उपरांत प्राप्त हो गया है।

ब्लॉक बिसरख में विजय नागर अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं ब्लॉक जेवर में सूबेदार सतपाल सिंह, दनकौर ब्लॉक में अनित भाटी को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है तथा दादरी ब्लॉक में तीरथ राम वाल्मीकि को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार/इंजीनियर/समन्वय/प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| | |
|---|---|
| **निविदा नं. : पी आर वाई जे-सिग-208-2025-26** | **अनुमानित मूल्य (₹): 2322240/-** |
| **कार्य का विवरण :** सीनियर डी.एस.टी.ई. कानपूर के खण्ड में केएफडब्लू स्टेशन के पनकीधाम भदान खण्ड में मेसर्स हिताची मेक इक्यूवैलेन्ट सर्किट प्रदान करने का कार्य। | |
| **बिड सिक्योरिटी (₹) : 46500/-** | **कार्य समापन की अवधि : 06 माह** |
| **निविदा खुलने की तिथि : 29.07.2025** | |
| **निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता :** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। | |
| **निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान :** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **12:30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **1161/25 (C)** | |

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. 2025-जुलाई-01** **दिनांक: 03.07.2025**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.:** 2025 जुलाई-01-01 | **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 2,89,56,143.81 |
| **कार्य का विवरण: (अ)** सहायक मंडल इंजी.(मुख्या.)/आगरा छावनी के अधीन आगरा कैंट-बिल्लोचपुरा खंड के विभिन्न यार्डों में सी.टी. आर.(एस.), टी.एस.आर.(एस), टी.आर.आर.(एस), टी.बी.आर. टी.टी.आर और टी.एफ.आर. जैसे यार्ड सुधार कार्य। **(ब)** सहायक मंडल इंजी.(मुख्या.)/आगरा छावनी के अधीन यमुना ब्रिज-बयाना खंड के विभिन्न यार्डों में टी.आर.आर(एस), टी.टी.आर, टी.एस.आर(एस), टी.बी.आर और टी.एफ.आर जैसे यार्ड सुधार कार्य। | |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल बेवपोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 25.07.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **1168/25 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड सं0-01, सेक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)
वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in ई-मेल: authority@gnida.in

पत्रांक: स्वा0वि0/2025/1590 दिनांक 04/07/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रभारी वरिष्ठ प्रबन्धक (निविदा सेल), ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा की ओर से ई-निविदा आमंत्रण सूचना-स्वा0वि0/2025/1589, दिनांक 04.07.2025 के माध्यम से उल्लेखित क्रम स0: 01 एवं 02 में अंकित कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा की समस्त नियम व शर्तें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट: **www.greaternoidaauthority.in** पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइटें देखते रहें।

| क्र. सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | Operation & Maintenance of Mechanical Sweeping for main road mechanical sweeping work including manpower, service, parts, lubricants etc excluding mechanical sweeping machine in Greater Noida for one year. | ₹ 182.70 Lac |
| 2. | Supply of 1000 Liter Capacity Waste Dustbin (MS Metail) through GeM in Greater Noida. | ₹ 71.39 Lac |

उक्त कार्यों की निविदा दिनांक 08.07.2025 से 21.07.2025 को 17:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है उक्त दोनों कार्यों की प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन बिड दिनांक 23.07.2025 को 11:00 बजे खोली जायेगी। **वरिष्ठ प्रबन्धक (स्वास्थ्य)**

Follow Us On / OfficialGNIDA

# मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मिले भाकियू (अजगर) के पदाधिकारी



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भाकियू (अजगर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरवीर नागर के नेतृत्व में कल क्षेत्र के किसानों के साथ यमुना विकास प्राधिकरण के नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह से मुलाकात कर नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें बधाई दी और क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने किसानों को आश्वस्त कराया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर से मेरा पुराना नाता है और मैं आप सबसे भली भांति परिचित हूं। क्षेत्र के विकास हेतु आपके सहयोग की अपेक्षा करता हूं जो एक दूसरे के सहयोग से ही संभव है।

इस दौरान नीरज सरपंच नवादा ने कहा कि क्षेत्र ही नहीं समूचे प्रदेश के विकास में जनपद गौतम बुद्ध नगर का किसान शुरू से ही सहभागी रहा है इसीलिए आज जनपद गौतम बुद्ध नगर को उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी के रूप में देखा जाता है। विकास के नाम पर किसान अपनी बहुमूल्य जमीन को देकर भी खुद के विकास के लिए तरस रहा है।

आपको बता दें कि राकेश कुमार सिंह 2015-16 में यमुना विकास प्राधिकरण में बतौर एसीईओ काम कर चुके हैं।

मुलाकात के दौरान जग्गी पहलवान नेपाल कसाना राजेंद्र नागर ब्रह्मपाल कसाना सतन खटाना धर्मवीर खटाना जयवीर सिंह प्रभु प्रधान रजपाल नरेश चपरगढ़ जगदीश नंबरदार गोविंदा यतेंद्र प्रधान मांगेराम जगत ठेकेदार जगमोहन केहर प्रधान डॉक्टर इरफान उधम नागर बंटी नागर नवीन शर्मा गिल्लू प्रधान नब्बू प्रवीण पप्पू व सुभाष आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मजदूरों पर हमला- देश की जनता पर हमला : गंगेश्वर दत्त

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मजदूर विरोधी लेबर कोड़ों को रद्द करवाने व न्यूनतम वेतन ?26000 घोषित करवाने सहित कई मुद्दों/मांगों को लेकर के ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर 9 जुलाई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए सीटू कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क के जरिए हड़ताल का माहोल तैयार करने में जुटे हुए हैं। आज ग्रेटर नोएडा उद्योग विहार अनमोल इंडस्ट्रीज के पास सीटू द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मजदूर नेता सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त ने कहा कि मजदूरों पर हमला- देश की जनता पर हमला है! इसीलिए सीटू गौतम बुध नगर कमेटी 9 जुलाई 2025 को मजदूर संगठनों द्वारा प्रस्तावित श्रमिकों की देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने में लगी हुई है।उन्होंने कहा लेवर कोड़ मजदूरों के साथ धोखा है क्योंकि प्रस्तावित लेवर कोड्स




मजदूरों को कानूनी सुरक्षा से वंचित कर देंगे मजदूरों को संगठित होने व यूनियन बनाने की आजादी छीन जाएगी तथा हड़ताल करने का हक भी नहीं रहेगा और मजदूरों को मालिकों की हर बात चुपचाप मानने के लिए मजबूर होना पड़ेगा और मजदूरों की जिंदगी दिन ब दिन मुश्किल होती जाएगी।

उन्होंने कहा कि लेवर कोड्स के खिलाफ सिर्फ मजदूरों की ही लड़ाई नहीं है यह हर उस इंसान की लड़ाई है जो मेहनत करके अपना और अपने परिवार का पेट पालना चाहता है, यह उन करोड़ों लोगों की लड़ाई है जो एक सम्मानजनक जीवन जीना चाहते हैं। शिक्षा-स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा के साथ।

उन्होंने कहा कि मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएं अगर आज चुप रहे तो आने वाली पीढ़ियां गुलामी की जिन्दगी जीने को मजबूर होंगी। केंद्र व प्रदेश सरकारों की जन विरोधी नीतियों को रेखांकित करते हुए उन्होंने सभी मेहनतकश लोगों से 9 जुलाई की आम हड़ताल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने और मजदूरों के अधिकारों, लोकतंत्र और एकता पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए मेहनतकश लोगों को प्रेरित किया।


# करोड़ों की ठगी करने वाले ठग पर हाथ नहीं डाल रही पुलिस

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति को चुनौती दे रहा एक ठग को आज तक गौतमबुद्धनगर की पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाई। यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

बताते चलेंकि गत 1 वर्ष पूर्व कभी बीजेपी तो कभी सपा का चोला ओढ़कर तुगलपुर का रहने वाला उक्त तथाकथित नेता करोड़ों रुपए जमीन देने के नाम पर एक व्यक्ति से 24 करोड़ रूपये ठग लिए। ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति सेक्टर 63 थाने में उक्त ठग के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवाया। लेकिन पुलिस कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं कर पाई।

सूत्र बताते हैं कि तुगलपुर निवासी उक्त ठग कई लोगों को जमीन दिलाने के नाम पर अभी तक ठग चुका है। पुलिस ने उक्त ठग के खिलाफ आखिर कार्रवाई क्यों नहीं की। यह बड़ा प्रश्नचिन्ह लग रहा है। क्योंकि गौतमबुद्धनगर की पुलिस अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। वहीं एक ऐसा ठग जिले में मौजूद है जिसको कहां से संरक्षण मिल रहा है। यह समझ से परे हैं। 24 करोड़ की ठगी के आरोपी पर अभी तक कार्रवाई न करना जनता इस बात की चर्चा कर रही है कि आखिर गौतम बुद्ध नगर की तेज तर्रार पुलिस इस ठग पर हाथ क्यों नहीं डाल रही है। कभी भारतीय जनता पार्टी तो कभी समाजवादी पार्टी का झंडा लगाकर लोगों पर रौब झाड़ना उक्त ठग की आदत बन गई है।

# श्रीराम व रामचरित मानस एक ही है: स्वामी दिलीप दास



**नोएडा (चेतना मंच)।** रघुवंश संकल्प सेवा ट्रस्ट द्वारा श्री हनुमान मंदिर सेक्टर-20 में आयोजित श्री राम कथा के दूसरे दिन स्वामी दिलीप दास त्यागी महाराज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए की।

श्री राम व रामचरितमानस एक ही है। राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ श्री रामचरितमानस का जन्म कलयुग में हुआ। केवल इतना ही अंतर है। बाकी योग लग्न ग्रह नक्षत्र सब एक है। भगवान शंकर गृहस्थो के परम आदर्श हैं। उनसे गृहस्थी सीखनी चाहिए। वह अपने धर्म पालन करने में अचल हैं और पार्वती जी को श्रद्धा और शंकर भगवान को विश्वास के रूप में स्थापित करते हुए उसी के अनुसार पालन करने के लिए कहा।

यजमान के रूप में प्रेम शंकर चौधरी, श्रीमती रानीचौधरी, मंदिर अध्यक्ष विनय गुप्ता, महासचिव संदीप पोरवाल, उपाध्यक्ष रवि दत्त शर्मा, विजय वलेचा कोषाध्यक्ष गंगा राम, सहसचिव राकेश खंडेलवाल, संजीव गुप्ता,पिंकी सोनी, ज्योति श्रीवास्तव, नीरू रस्तोगी, विनीता उपाध्याय इत्यादि भक्त श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कोट गांव में हुआ पौधारोपण



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत गांव कोट में सामाजिक संगठन द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों और स्वयंसेवकों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और अपने माताओं की स्मृति या सम्मान में पौधे रोपे।

उम्मीद संस्था के संस्थापक एवं संयोजक डॉक्टर देवेंद्र कुमार नागर एवं किसान नेता राजकुमार रूपवास ने बताया कि पौधे पृथ्वी पर जीवन का आधार हैं। ये हमें न केवल फल, फूल, और छाया प्रदान करते हैं, बल्कि शुद्ध हवा, औषधीय गुणों वाली जड़ी-बूटियां और दवाइयों का स्रोत भी हैं। इनका संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखना, लोगों को वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा 'हर घर एक पेड़- हर दिल में प्रकृति' के भाव को मजबूत करना रहा।

इस मौके पर मुख्य रूप से हरि प्रधान अजब सिंह प्रधान देशराज प्रधान मास्टर ब्रह्म सिंह राजकुमार नेताजी मनोज नागर उपस्थित रहे।

# आवंटियों के आवेदनों को तय समय में हल करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : नंदी

ग्रेटर नोएडा। आवंटियों की तरफ से आने वाले आवेदनों/शिकायतों को तय समय में निस्तारित करें। उनको रोककर न रखें। अगर इस तरह की शिकायत मिली तो लापरवाही करने वाले स्टाफ को बख्शा नहीं जाएगा। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने यह निर्देश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में शाम चार बजे से शुरू हुई समीक्षा बैठक में मंत्री ने विभागवार समीक्षा की। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने मंत्री के समक्ष ग्रेटर नोएडा के विकास से जुड़ी परियोजनाओं, वित्तीय स्थिति व अतिक्रमण, फ्लैट बायर्स मसले आदि पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने ग्रेटर नोएडा में चल रहे विकास कार्यों को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। कार्मिक विभाग की समीक्षा के दौरान सीईओ ने मंत्री के समक्ष स्टाफ की कमी का मुद्दा उठाया, जिस पर औद्योगिक विकास मंत्री ने स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए प्रतिनियुक्ति पर तैनाती का आश्वासन दिया। औद्योगिक विकास मंत्री ने ग्रेटर नोएडा को और सुंदर शहर बनाने के लिए ग्रीनरी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कंटीले तारों को हटाकर सुंदर ग्रिल लगाने को कहा है। एक बराबर से पेड़ों की छंटाई करा दी जाए।

उन्होंने सेक्टरों के मेनटेनेंस कार्य में लापरवाही करने वाले कॉन्ट्रैक्टरों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। यहां के निवासियों से फीडबैक लेने के लिए बोर्ड लगाकर कॉन्ट्रैक्ट नंबर लिखने को कहा है। औद्योगिक विकास मंत्री ने प्राधिकरण की जमीन पर अतिक्रमण करने वालों से सख्ती से निपटने के भी निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ के अलावा एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ सुमित यादव, ओएसडी ओएसडी गुंजा सिंह, ओएसडी गिरीश कुमार झा, ओएसडी एनके सिंह, महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह, महाप्रबंधक परियोजना लीनू सहगल, ओएसडी राम नयन सिंह आदि मौजूद रहे। इससे पहले औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' के ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में आगमन पर ग्रेटर नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू भड़ाना ने स्वागत किया।



## पृष्ठ एक के शेष....

**प्रभावी पैरवी न करने....**

सेक्टर-96 में प्रशासनिक भवन, चिल्ला एलिवेटेड, सेक्टर-151ए में गोल्फ कोर्स, सेक्टर-146 व 147 के मध्य एक्सप्रेस वे के समानांतर निर्मित 45 मीटर रोड चौड़ीकरण, सेक्टर 51 सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशन के बीच स्काई वॉक आदि के बारे में जानकारी दी गई। इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया।

विद्युत यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत चल रही परियोजनाओं जिसमें सब स्टेशन, एचटी एवं एलटी ओवरहेड लाइन को अंडरग्राउंड करने के कार्य की प्रगति देखी। कहा गया कि इनको जल्द पूरा कराया जाए। ताकि निर्बाध आपूर्ति की जा सके। उद्यान विभाग के अंतर्गत थीम पार्क वेस्ट टू वंडर पार्क (नेचर ट्रेल ऑफ आर्टिफिशियल जू), सेक्टर-94 एवं जीआईपी मॉल सेक्टर-18 के सामने घंटाघर के निर्माण कार्य की प्रगति की का संज्ञान लिया गया। इस मौके पर उद्योग सचिव प्रांजल यादव भी मौजूद थे।

**गार्ड को पीटने वाले....**

गिरा- गिराकर लात घूंसों से पिटाई की। उसकी इतनी पिटाई की गई कि वह मरणासन्न हो गया। तब सभी आरोपी उसे मरा समझकर फरार हो गए। सूत्रों का कहना है कि गार्ड अनवर को पीटने वाले दबंग लोग हैं। इसीलिए पुलिस उनपर हाथ डालने से बच रही हैं ।

इस मामले में गार्ड के भाई मोहम्मद मेराज निवासी तुलसी निकेतन ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी और सख्त कानूनी कार्यवाई करने की मांग की है। गार्ड की पत्नी यासमीन ने बताया कि किसी तरह बस जान बचा कर उसका पति घर पहुंचा और उन्होंने घटना की सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी। उसके पति की हालत गंभीर है उनको बचाने के लिए उनके हृदय का दो बार ऑपरेशन कर स्टंट डाले गए हैं। उसके पति का मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल भी आरोपियों के पास है। गार्ड को राजीव गांधी हॉस्पिटल दिल्ली में भर्ती कराया है तथा उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वही एसीपी अतुल कुमार ने थाना प्रभारी को जल्द से जल्द आरोपियो पर सख्त कार्यवाही के आदेश दिया हैं ।

**प्रेमिका का प्रेमी ने....**

और यहां उसकी गला काटकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गोली लगने से घायल हुए मुकीम को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है और अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**एनटीपीसी का संविदा....**

ग्राम ततारपुर के रूप में हुई। हरीश एनटीपीसी में शैलेश इंजीनियरिंग कंपनी में संविदा कर्मचारियों के रूप में काम करता है। इसके पास से बरामद चोरी के सामान की कीमत एनटीपीसी प्रबंधन ने 67772 रुपए बताई है। पकड़े गए आरोपों के खिलाफ सीआईएसएफ के निरीक्षक कार्य एनएल मीना ने मुकदमा दर्ज कराया है। थाना जारचा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**अंतिम निवास में हुआ....**

दिवंगत परिजनों की याद में भी यहां पौधारोपण करते हैं।

आज के इस वृक्षारोपण अभियान में रोटरी क्लब दिल्ली ओखला सिटी के अध्यक्ष रोटेरियन दीपक छाबडा, सचिव रोटेरियन सौरव द्विवेदी, कोषाध्यक्ष रोटेरियन संभव मेहरोत्रा, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन कुशाग्र अवस्थी,रो.इंदर मोहन, रो.जुगेश मक्कर, रो. एम.आर.अग्रवाल एवं रो. सुनीता अग्रवाल रो. संजय विज।

नोएडा उद्यान विभाग से निदेशक आनंद मोहन सिंह एवं अमित शर्मा, रि.के.पी. सिंह, नोएडा सिटीजन फोरम से गरिमा त्रिपाठी, लाइफ एंड मोर मिडिया, से पत्रकार राजकुमारी तन्खा और सौरभ कुमार तन्खा, सेक्टर-122 अध्यक्ष उमेश शर्मा, नोएडा लोक मंच के महासचिव महेश सक्सेना,उपाध्यक्ष जे के चुग, वरिष्ठ सदस्य सी.बी. झा, कोषाध्यक्ष विभा बंसल, सांस्कृतिक सचिव राजेश्वरी त्यागराजन, इंद्रा चौधरी, प्रदीप वोहरा,आर. एन. श्रीवास्तव, सुभाष सिंघल, सुनीता खटाना, लुबना, अलका, गौरव, राकेश, अरुण, बिजेंदर आदित्य घिल्डियाल आदि उपस्थित थे।

**एटीएम में फंसे....**

पूछताछ के दौरान कस्टोडियन अजीत प्रताप ने स्वीकार किया कि चौधरी गौरव ने एटीएम में फंसे हुए डेढ़ लाख रूपए निकाल कर रख लिए और उसमें से 50000 उसे दे दिए। अजीत ने 50 लाख रुपए कंपनी को वापस कर दिए तथा गौरव ने 40000 कंपनी के अकाउंट में ट्रांसफर किया। मैनेजर महेश गुप्ता ने गौरव चौधरी और अजीत प्रताप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**ट्रस्ट की जमीन पर....**

जमीन की पैमाइश के लिए भेजा गया था। पैमाइश के पश्चात तहसील के अधिकारियों एवं पुलिस की उपस्थिति में जमीन पर कब्जा लेकर खंबे लगा दिए और तारबंदी कर दी गई। रोहित दत्त शर्मा के मुताबिक 22 जून की रात्रि को कुछ किसानों ने अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर उनकी जमीन पर लगाए गए खंबे एवं तारों को उखाड़ कर फेंक दिया और बलपूर्वक ट्रस्ट की जमीन पर अनाधिकृत रूप से कब्जा करने का प्रयास किया रोहित दास शर्मा के मुताबिक आसपास के किसान गर्ग फैमिली ट्रस्ट एवं अन्य व्यक्तियों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और खंबे उखाड़ने तथा तारबंदी को क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपियों की पहचान की जा रही है।

**डॉयल-112 पर....**

आरओआईपी टर्मिनल पर सर्च करने पर पता चला कि कॉल करने के पश्चात कॉलर सामने नहीं आया। कॉल पर पहुंची पीआरबी कर्मियों को दोनों ही सूचनाओं गलत पाई गई और कॉलर के सामने न आने पर उनका सही एड्रेस पता नहीं चल पाया।

उप निरीक्षक सत्यवीर सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि डायल-112 नंबर आकस्मिक सेवा पर नवंबर माह में 126 बार कॉल करके सेवा को व्यस्त रखकर इसका दुरुपयोग कर कार्य को बाधित किया गया है।

इस कारण वास्तविक आवश्यकता वाले कॉलर को समय पर पुलिस सहायता प्राप्त नहीं हो सकी। थाना बादलपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर यूपी-112 पर कॉल करने वाले सिरफिरे की तलाश शुरू कर दी है।

**ब्लैकमेल करने के लिए....**

जिसमें उसने अपनी पुत्री को बालिक होना स्वीकार किया था। जमील खान के मुताबिक फिरोज ने अपनी बेटी के साथ साजिश रचकर उसके पुत्र एवं भतीजे को ब्लैकमेल करने के उद्देश्य से उनके खिलाफ झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया था। आरोपी ने स्कूल के प्रधानाचार्य को भी अपने साजिश में सम्मिलित किया और उनसे फर्जी एवं कूटरचित टीसी बनवा ली थी। जमील खान की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है पुलिस का कहना है कि यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**शादी के घर में....**

और सीएचसी ले गए।

डॉक्टरों ने दूल्हे सूरज पाल (20), उसकी बहन कोमल (15), चाची आशा (26), चचेरी बहन एश्वर्या (3), चचेरे मामा बुलंदशहर के हींगवाड़ी निवासी सचिन (22), सचिन की पत्नी मधु (20) ममेरा भाई बुलंशहर के खुर्जा निवासी गणेश (2) पिता देवा, गांव निवासी चालक रवि (28) की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल हिमांशी और देवा को अलीगढ़ में भर्ती कराया गया है।

हादसे की जानकारी मिलते ही शादी वाले घर में कोहराम मच गया। परिजन और रिश्तेदार भी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। संभल एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण हादसा हुआ है। बोलेरो कॉलेज की दीवार से टकरा गई थी।



# हिमाचल में भारी बारिश का दौर जारी, अब तक 37 लोगों की मौत

## 400 करोड़ रुपये की संपति का नुकसान

एजेंसी

**मंडी** । हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भारी बारिश का दौर जारी है, जिससे लोगों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इससे पहले, बादल फटने और लगातार भारी बारिश के कारण कई घरों के क्षतिग्रस्त होने और वाहनों के बहने की खबर थी। बीते 24 घंटों से राज्य में बादल फटने और भारी बारिश हो रही है। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि बादल फटने के बाद सब कुछ बह गया। हम अपने रिश्तेदारों के घर पर रह रहे हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, हिमाचल में मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और करीब 37 लोगों की मौत हो गई और



400 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ। वहीं भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 7 जुलाई तक राज्य में बारिश का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राजस्व विभाग के अनुसार, लगातार मानसूनी बारिश के कारण राज्य को 400 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। खोज, बचाव और राहत अभियान जारी हैं, खासकर सबसे अधिक प्रभावित मंडी जिले में, जहां कई सड़कें अवरुद्ध हैं और आवश्यक सेवाएं बाधित हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल हमारा मुख्य ध्यान खोज, बचाव और बहाली पर है। विस्तृत नुकसान का आकलन करने में समय लगेगा। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र मंडी का थुनाग उपखंड है, जहां बड़े पैमाने पर बहाली के प्रयास जारी हैं। प्रशासन ने कहा कि सड़कें अवरुद्ध हैं, बिजली और पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है और वाहनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। पीडब्ल्यूडी इंजीनियर सड़क बहाली की देखरेख कर रहे हैं, जबकि बिजली बोर्ड के संचालन निदेशक और जल शक्ति के मुख्य अभियंता भी मंडी में मौजूद हैं। अब तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, चालू मानसून सीजन के दौरान बारिश से संबंधित घटनाओं के कारण 37 लोगों की मौत हो गई है। इस अवधि के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कारण 26 अतिरिक्त मौतें हुई हैं। पूरे राज्य में 250 सड़कें बंद हैं, 500 से अधिक बिजली वितरण ट्रांसफार्मर (डीटीआर) काम नहीं कर रहे हैं और करीब 700 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अलावा स्थानीय प्रशासन, पुलिस, होमगार्ड, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ सहित केंद्रीय एजेंसियां समन्वित प्रतिक्रिया प्रयासों में शामिल हैं।

## यूपी में बारिश से कई नदिया उफान पर, गंगा में डूबा महादेव मंदिर

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश में बारिश से नदियां उफान पर हैं। वहीं वाराणसी का रत्नेश्वर महादेव मंदिर गंगा नदी में आधे से ज्यादा डूब गया है। हरिश्चंद्र घाट भी डूब गया। इसके चलते शवदाह स्थल की जगह बदली गई है। इसके अलावा पंडा-पुरोहितों की 300 से ज्यादा स्थान डूब गए हैं। काशी में गंगा का जलस्तर 4 दिन में 15 फीट तक बढ़ा है। गुरुवार रात 11 बजे तक गंगा का जलस्तर 62.63 मीटर था। वहीं खतरे का निशान 71.262 है। शुक्रवार सुबह सहारनपुर में बरसाती नदी में तेज पानी आ गया। उसी समय नदी पार कर रहा बाइक सवार युवक बह गया। ग्रामीणों ने किसी तरह उसे बचाया। वहीं, लखनऊ में भी दोपहर को तेज बारिश शुरू हो गई। हजरतगंज इलाके में दिन में अंधेरा छा गया। मौसम विभाग ने शुक्रवार को 35 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया था। इस दौरान 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 4 दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश लखीमपुर खीरी में 245.9 मिमी हुई। प्रदेश में 2.7 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 5.7 मिमी से 53 फीसदी कम है।

## खास खबर

### रोम में हुए दो विस्फोट, हादसे में 21 लोग घायल

**रोम।** इटली की राजधानी रोम के एक पेट्रोल स्टेशन और गैस डिपो में भीषण विस्फोट हुआ है। इस हादसे में 21 लोग घायल हुए हैं। विस्फोट के बाद आग का एक बड़ा गोला आसमान में दिखाई दिया। यह विस्फोट सुबह 8 बजे हुआ। ब्लास्ट के बाद घटनास्थल से 300 मीटर दूर तक मलबा बिखर गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यहां एक के बाद एक दो विस्फोट हुए। पहले विस्फोट से पहले गैस की गंध आ रही थी। इसके बाद दूसरा विस्फोट हुआ और आग का एक बड़ा गोला आसमान में छा गया। विस्फोट के बाद लोगों को घरों से निकाला गया है। वाहन चालकों को वहां से हटाया गया। पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने रोम के मेयर से बात की। घटना स्थल के पास ही एक स्कूल था। हादसे के बाद 15 बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। अभी नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।

### बम विस्फोट मामले में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के कालीगंज में हुए बम विस्फोट में एक लड़की की मौत के मामले में पुलिस ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को जिले के पलाशी से गिरफ्तार किया, इससे मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 10 हो गई है। कालीगंज के मोलंडी गांव में 23 जून को उपचुनाव के परिणाम की घोषणा से पहले ही तृणमूल कांग्रेस की जीत का जश्न मनाया और उस दौरान कथित तौर पर बम फेंके गए थे, जिसमें एक बच्ची की मौत हो गई थी। इससे पहले, घटना में कथित संलिप्तता के लिए नौ लोगों को गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने कहा, पलाशी से गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी में कुल 24 लोगों के नाम हैं और अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। इससे पहले कालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव की मतगणना के दिन हुए बम धमाके में मारी गई 13 वर्षीय तमन्ना खातून की मां ने कहा कि अपराध की जांच की प्रगति से नाखुश होने के कारण उन्होंने कानूनी परामर्श लिया है।

### मुठभेड़ के बाद गौ तस्कर गिरफ्तार

**जौनपुर।** पवारा पुलिस ने मुठभेड़ में गौ तस्कर को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसके पास से पिस्टल, कारतूस व बाइक बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि पवारा में वाहनों की चेंकिग कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि एक बदमाश किसी घटना को अंजाम देने के लिए कुंवरपुर होते हुए बंधवा बाजार मीरगंज की ओर जाने वाला है। इस पर पुलिस फोर्स के साथ कुंवरपुर बंधवा मार्ग पर बरेठी नहर पुलिया के पास पहुंचे। थोड़ी देर बाद एक व्यक्ति बाइक से आता दिखा। पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी देकर रोकने का इशारा करने पर फायर करने लगा। इस पर थानाध्यक्ष ने भी दो राउंड फायर किया। एक गोली बदमाश के दाहिने पैर में गोली और वहां गिर गया। जिसके बाद पुलिस ने उस गिरफ्तार कर लिया। नाम व पता पूछने पर मनोज यादव निवासी गौरा माफी जिला प्रतापगढ़ बताया।

# लुधियाना में जीएसटी का छापा, दो कारोबारी हिरासत में

एजेंसी

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में बीती रात स्टेट जीएसटी विभाग की टीमों ने शहर में अलग-अलग जगह छापे मारे। जीएसटी अधिकारियों ने पहले भामियां रोड पर दबिश दी, उसके बाद सिविल लाइन पर। सूत्रों से पता चला है कि दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है। देर रात जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने दोनों कारोबारियों का सिविल अस्पताल में मेडिकल करवाया। कारोबारियों की पहचान दीपांशू आनंद निवासी भामियां एक्लेव और दीपक गोयल निवासी सिविल लाइन्स के रूप में हुई है। जीएसटी अधिकारियों को सूचना मिली थी कि दोनों कारोबारी घर पर हैं जिसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। टैक्स चोरी से जुड़ा मामला होने का शक है,



लेकिन अभी इस मामले में जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने चुप्पी साधी हुई है। अधिकारियों ने कई कागजात कब्जे में लिए हैं। मोबाइल डिटेल खंगाली जा रही है। उम्मीद है कि इस मामले में वह जल्द खुलासा करेंगे। बता दें पंजाब सरकार के वित्त विभाग ने दो दिन पहले 20 ऐसी फर्मों का भंडाफोड़ किया था, जो करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी कर रही थीं। इन फर्मों ने बहुत ही चालाकी से अपना नेटवर्क खड़ा किया ताकि असली प्रबंधकों का नाम सामने न आ सके। इसके लिए उन्होंने आम मजदूरों और बेरोजगारों को निशाना बनाया। उन्हें 800 रुपए प्रतिदिन मजदूरी देने का लालच दिया और उनके पैन कार्ड, आधार कार्ड और बाकी दस्तावेज ले लिए गए कि उनके खातों में पेमेंट की जाएगी। बाद में इन्हीं दस्तावेजों से फर्जी नामों पर कंपनियां बनाकर जीएसटी में रजिस्ट्रेशन करवाया गया। इन फर्मों के बैंक खाते पहले से ही खुले हुए थे। इस तरह कुल 866 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया है। इसमें टैक्सी सेवाओं के नाम पर की गई जीएसटी चोरी 157.22 करोड़ रुपए की थी। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने कहा था कि जांच में अब तक 40 लाख रुपए नकद, फर्जी बिल बुक और बिना साइन की चेक बुक जैसे अहम सबूत मिले हैं। इस मामले में लुधियाना में केस दर्ज किया गया है। सरबजीत सिंह इस घोटाले का मुख्य आरोपी है, जिसे पकड़ने के लिए कार्रवाई चल रही है। इस घोटाले में लुधियाना के एक अकाउंटेंट की मुख्य भूमिका सामने आई है। उसने साल 2023 में इस फजीवाड़े की शुरूआत की थी।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**फरीदाबाद** । ओल्ड फरीदाबाद में तेज रफ्तार कार ने बाइक पर जा रहे एक परिवार को टक्कर मार दी, इसमें महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और बच्चे घायल है। टक्कर मारने के बाद कार चालक फरार हो गया। बताया जा रहा है कि महिला कार के नीचे फंस गई थी, इसके बाद भी कार चालक करीब 10 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया और फिर गाड़ी को बैक कर भाग निकला। इस हादसे में महिला बुरी तरह घायल हो गई थी। घायल महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। भूपानी गांव निवासी अनीता की शादी बाराबंकी के गंगापुर गांव के राजकुमार से 2010 में हुई थी।

## राजनीति विज्ञान सहित विभिन्न विषयों की परीक्षाएं आज से

एजेंसी

**अजमेर।** आरपीएससी की ओर से प्राध्यापक एवं कोच (माध्यमिक शिक्षा विभाग) परीक्षा-2024 की पूर्व में यूजीसी नेट परीक्षा के चलते स्थगित हुई थी। अब राजनीति विज्ञान सहित विभिन्न विषयों की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो रही हैं। इन परीक्षाओं में करीब 1.25 लाख अभ्यर्थी बैठने वाले है। आयोग की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोग की ओर से संस्कृत व समाजशास्त्र विषय के प्रश्न-पत्र द्वितीय की परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को किया जाएगा। इधर, राजनीति विज्ञान विषय के प्रश्न-पत्र प्रथम (सामान्य ज्ञान) व द्वितीय की परीक्षा 6 जुलाई को होगी। आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षा का प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी किए जा चुके हैं। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा शुरू होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश मिलेगा। अभ्यर्थियों को पहचान के लिए परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर उपस्थित होना होगा। आयोग के सचिव ने बताया कि यूजीसी-नेट परीक्षा से टकराव के कारण परीक्षाएं स्थगित की गई थी। 23 जून से 4 जुलाई 2025 तक होने वाली परीक्षा की तारीख बदली थी। ग्रुप ए के संस्कृत का दूसरा पेपर 25 जून की जगह 5 जुलाई को होगी। इस तरह ग्रुप बी का सोशियोलॉजी दूसरा पेपर 29 जून के बजाय 5 जुलाई को होगा। पॉलिटिकल साइंस का दूसरा पेपर भी 26 जून की जगह 6 जुलाई को होगा, जिसके लिए नया ग्रुप ई बनाया गया है।

## पाक के गोदाम में घातक हथियार, भारत और अमेरिका के पास भी नहीं

एजेंसी

**इस्लामाबाद** । भारत और पाकिस्तान के सैन्य और परमाणु क्षमताओं की तुलना करें तो दोनों देशों के पास आधुनिक हथियार प्रणालियां और परमाणु शस्त्रागार हैं। वैसे तो भारत की सैन्य क्षमता के आगे पाकिस्तान कहीं नहीं टिकता लेकिन कुछ ऐसे हथियार हैं, जिनका तोड़ भारत के अभी तलाश रहा है। भारत की सैन्य क्षमता, खासतौर पर पारंपरिक और परमाणु हथियारों में, पाकिस्तान से बेहतर है लेकिन कुछ मामलों में पाकिस्तान की कुछ हथियार प्रणालियां ऐसी हैं, जो भारत के लिए चुनौती पेश कर सकती हैं। चलिए जानते हैं उन्हीं हथियारों के बारे में। पाकिस्तान ने इधर कुछ सालों में चीन से जे-10सी फाइटर जेट्स हासिल किए हैं, जो एडवांस रडार और पीएल-15 हवा-से-हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस हैं। पीएल-15 की मारक क्षमता 90 मील यानि लगभग 145 किमी या उससे भी ज्यादा है, जो भारत के पास मौजूद एआईएम-120 अमराम मिसाइलों की तुलना में लंबी दूरी प्रदान करती है। मई 2025 के भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान जे-10सी ने भारतीय राफेल जेट्स को निशाना बनाया था। भारत के पास राफेल और मिराज-2000 जैसे बेहतरीन फाइटर जेट हैं लेकिन पीएल-15 की लंबी दूरी भारत की हवाई रक्षा रणनीति को चुनौती दे सकती है।

## कांच वाले मंदिर से चांदी का छत्र चोरी

**अजमेर** । अजमेर के अजय नगर स्थित प्रसिद्ध भोलेश्वर मंदिर से चांदी का छत्र चोरी होने की खबर सामने आई है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि वे शाम के समय आरती के लिए मंदिर पहुंचे तो भगवान की मूर्ति पर रखा लगभग 400 ग्राम वजन का चांदी का छत्र चोरी हो चुका था। घटना के बाद पुजारी ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। रामगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की पूरी वारदात कैद हो गई है। फुटेज में देखा गया कि एक चोर मंदिर के अंदर घुसकर सावधानीपूर्वक छत्र चोरी कर लेता है, जबकि एक दूसरा व्यक्ति मंदिर के बाहर निगरानी करता हुआ दिखाई दे रहा है।

# अपर क्रॉस सिंड्रोम बना तेजी से फैलती हुई स्वास्थ्य समस्या

एजेंसी

**लंदन** । मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन के सामने घंटों तक झुककर बैठने की आदत के लोग तेजी से अपर क्रॉस सिंड्रोम की समस्या से जूझने को मजबूर है। यह समस्या गर्दन, कंधों और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों में असंतुलन पैदा करती है। यह स्थिति बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को प्रभावित कर रही है। समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो यह लगातार दर्द, अकड़न और गर्दन-कंधे की गतिशीलता में कमी जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। इस स्थिति में कुछ मांसपेशियां बहुत ज्यादा टाइट हो जाती हैं, जैसे अपर ट्रेपेजियस, लेवेटर स्कैपुला और पेक्टोरलिस



मेजर व माइनर, जबकि कुछ मांसपेशियां कमजोर पड़ जाती हैं, जैसे डीप नेक फ्लेक्सर्स, लोअर ट्रेपेजियस और सेरेटस एंटीरियर। जब शरीर को साइड से देखा जाता है, तो यह असंतुलन एक क्रॉस जैसी आकृति बनाता है, इसलिए इसे अपर क्रॉस सिंड्रोम कहा जाता है। इसकी वजह से आगे की ओर झुकी हुई गर्दन, गोल कंधे और ऊपरी पीठ पर अनावश्यक भार जैसी खराब मुद्राएं विकसित हो जाती हैं। इसके प्रमुख कारणों में लगातार झुककर बैठना, निष्क्रिय जीवनशैली, बार-बार सिर झुकाकर मोबाइल देखना, बाहों को लंबे समय तक ऊपर उठाकर काम करना और नियमित व्यायाम की कमी शामिल हैं। ये कारण धीरे-धीरे शरीर के पोस्चर को बिगाड़ते हैं और मांसपेशियों के बीच संतुलन खत्म कर देते हैं। अपर क्रॉस सिंड्रोम के लक्षणों में गर्दन और कंधों में लगातार दर्द, सिरदर्द, गर्दन की गति में कमी, मांसपेशियों में थकान और हाथों में झुनझुनी या सुन्नपन होना शामिल है। इससे प्रभावित व्यक्ति को काम करने में परेशानी, आराम में भी दर्द और क्वालिटी ऑफ लाइफ में गिरावट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही, कंप्यूटर स्क्रीन को आंखों के समकक्ष रखना और मोबाइल का इस्तेमाल करते समय गर्दन को ज्यादा झुकने से बचाना चाहिए।

# वैज्ञानिकों ने खोजा टाइप-2 डायबिटीज का उपचार

एजेंसी

**नई दिल्ली** । स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में डायबिटीज बीमारी महामारी का रूप ले सकती है। विशेषकर टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित लोगों की संख्या में भारी इजाफा हो रहा है। वैज्ञानिकों के लिए इस बीमारी के पीछे के कारण लंबे समय सेएक रहस्य बने हुए हैं। अब आईआईटी बॉम्बे के वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण खोज की है, जो टाइप-2 डायबिटीज की जड़ तक पहुंचने में मदद कर सकती है। आईआईटी बॉम्बे के बायोसाइंसेज और बायोइंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर शमिक सेन के नेतृत्व में हुई इस रिसर्च में यह सामने आया है कि शरीर में मौजूद एक अहम प्रोटीन





कोलेजन-1 टाइप-2 डायबिटीज को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। कोलेजन शरीर का एक संरचनात्मक प्रोटीन होता है जो हमारे अंगों और टिशूज को मजबूती देता है। रिसर्च के अनुसार, यही कोलेजन पैंक्रियास में मौजूद एक हार्मोन ऐमिलिन को तेजी से जमा करने में सहायक बनता है। जब यह हार्मोन अधिक मात्रा में जमा हो जाता है तो वह गुच्छों का रूप ले लेता है जिन्हें वैज्ञानिक भाषा में एमेलॉयड एग्रीगेट्स कहा जाता है। इन गुच्छों की मौजूदगी पैंक्रियास की बीटा कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती है, जिससे इंसुलिन का उत्पादन कम हो जाता है। इंसुलिन की मात्रा घटने पर शरीर में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ने लगता है और व्यक्ति टाइप-2 डायबिटीज की चपेट में आ जाता है। रिसर्च में यह भी पाया गया कि फाइब्रिलर कोलेजन-1 इन ऐमिलिन गुच्छों के बनने की प्रक्रिया को और तेज करता है। इस खोज के जरिए वैज्ञानिक अब यह बेहतर तरीके से समझ पा रहे हैं कि टाइप-2 डायबिटीज केवल ब्लड शुगर या लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारी नहीं है, बल्कि इसमें शरीर के संरचनात्मक प्रोटीन की भी अहम भूमिका हो सकती है।

## रैपर वेश्यावृत्ति मामले में दोषी करार

**न्यूयार्क।** अमेरिकी हिप-हॉप स्टार शॉन डिडी कॉम्ब्स को वेश्या वृत्ति के लिए यात्रा कराने के मामले में दोषी ठहराया गया है। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। हालांकि, उन्हें सबसे गंभीर आरोपों रैकेटियरिंग और सेक्स ट्रैफिकिंग से बरी कर दिया गया। जज अरुण सुब्रमणियन ने कहा कि डिडी के खिलाफ पहले भी हिंसा के मामले दर्ज हैं। इसलिए उन्हें सजा सुनाए जाने तक जेल में ही रहना होगा। सजा इस साल अक्टूबर में सुनाई जा सकती है। अधिकतम सजा 20 साल की हो सकती है। न्यूयॉर्क सिटी की एक फेडरल कोर्ट में करीब दो महीने तक यह मुकदमा चला। प्रोसिक्यूटर ने कहा कि डिडी ने अपनी पहचान और कारोबार का इस्तेमाल एक आपराधिक गैंग चलाने के लिए किया।

# बुजुर्गों के लिए बेहतरीन विकल्प है कुर्सी योग

एजेंसी

**नई दिल्ली** । बढती उम्र में बुजुर्गों के लिए कुर्सी योग एक बेहतरीन विकल्प बनकर उभरा है। बुजुर्ग जो फर्श पर बैठने या उठने में असमर्थ हैं, जोड़ों के दर्द या मांसपेशियों की कमजोरी से जूझ रहे हैं, उनके लिए यह तरीका खास तौर पर उपयोगी साबित हो रहा है। कुर्सी का सहारा लेकर किया जाने वाला योग न केवल पारंपरिक आसनों को आसान बनाता है बल्कि इसे अधिक सुरक्षित भी करता है। कुर्सी योग में आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कुर्सी पर बैठकर या उसका सहारा लेकर किया जाता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे घर के अलावा पार्क या



किसी भी शांत जगह पर आसानी से किया जा सकता है और इसके लिए सिर्फ एक स्थिर और मजबूत कुर्सी की जरूरत होती है। इसका नियमित अभ्यास कई तरह के शारीरिक और मानसिक फायदे देता है। कुर्सी योग जोड़ों की जकड़न को कम करता है, मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और शरीर में लचीलापन बढ़ाता है। प्राणायाम और गहरी सांस लेने की तकनीकों से यह तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है, जिससे मानसिक शांति मिलती है। इसके अलावा हृदय को स्वस्थ बनाए रखने, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी कुर्सी योग प्रभावी माना जाता है। बुजुर्गों के लिए यह व्यायाम का एक सुरक्षित और सरल तरीका है जिसमें किसी तरह का बड़ा जोखिम नहीं होता। आयुष मंत्रालय के मुताबिक, कुर्सी योग की शुरूआत आसान आसनों से की जा सकती है, जैसे कंधे और गर्दन की हल्की स्ट्रेचिंग, पैरों की गति और सहारे के साथ खड़े होकर किए जाने वाले हल्के आसन।

# नहीं थम रहीं विमानों की आपात लैंडिंग, तकनीकी खराबी या कुछ और उठ रहे सवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान हादसे से लगातार विमानों की आपात लैंडिंग के मामले सामने आ रहे हैं। अभी ताजा मामला दिल्ली से वॉशिंगटन डीसी जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-103 का है, जो कि तकनीकी खराबी के चलते विएना में आपात लैंड हुआ। बताया जा रहा है कि यह रुकावट ईंधन भरने के निर्धारित ठहराव के दौरान हुई, जब विमान की जांच में एक्सटेंडेड मेंटेनेंस टास्क यानी विस्तृत रखरखाव कार्य की जरुरत पाई गई। वैसे अब इस पर भी सवाल उठने लगे हैं कि क्या बमों की धमकी और विमानों में आ रही खराबी ही प्रमुख कारण है आपात लैंडिंग का, या कोई और कारण भी हो सकता है? फिलहाल विएना आपात





लैंडिंग मामले में एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि विएना में तय ईंधन स्टॉप के दौरान, एक जरूरी मेंटेनेंस टास्क का पता चला, जिसके बाद यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विमान को वहीं रोका गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि 2 जुलाई को दिल्ली से रवाना हुई फ्लाइट को विएना में ईंधन भरने के लिए रोका गया था। ईंधन भराई के समय विस्तृत तकनीकी जांच में गंभीर खराबी की जानकारी मिली, जिसे तुरंत ठीक नहीं किया जा सकता था। इसलिए एयरलाइन ने फ्लाइट को रद्द करने का निर्णय लिया। वॉशिंगटन डीसी जा रहे सभी यात्रियों को विएना में सुरक्षित उतार लिया गया है। जिन यात्रियों के पास वैध शेंगेन वीजा या वीजा-मुक्त प्रवेश पात्रता थी, उन्हें विएना में होटल में ठहरने की सुविधा दी गई जिन यात्रियों के पास प्रवेश की अनुमति नहीं थी, उनके लिए ऑस्ट्रियाई इमिग्रेशन और सुरक्षा एजेंसियों से मंजूरी मिलने तक एयरपोर्ट पर ठहरने की व्यवस्था की गई है। एयर इंडिया ने यात्रियों को वॉशिंगटन के लिए वैकल्पिक उड़ानों में बुक किया और राशि रिर्टन का विकल्प भी दिया। इसके अलावा वॉशिंगटन डीसी से दिल्ली लौटने वाली वापसी उड़ान एआई-104 को भी रद्द कर दिया गया। इस फ्लाइट के यात्रियों को भी अन्य फ्लाइट्स में शिफ्ट किया गया और उनकी प्राथमिकता के मुताबिक रिफंड भी दिया गया। एयर इंडिया ने कहा कि हमें असुविधा के लिए खेद है, लेकिन यात्रियों और क्रू की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बता दें एयर इंडिया और उसकी सहयोगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस हर दिन 1100 से ज्यादा उड़ानें संचालित करती हैं, जिनमें औसतन 1.5 लाख यात्री यात्रा करते हैं। एयरलाइन ने माना कि हाल के दिनों में उसे हवाई क्षेत्र की बंदिशें, यूरोप और पूर्वी एशिया में एयरपोर्ट की पाबंदियां और एयर ट्रैफिक की भीड़ जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसी के चलते एयर इंडिया ने पहले ही घोषणा की थी कि वह स्वेच्छा से अपनी फ्लाइट्स की पूर्व-उड़ान जांच को और सख्त बनाएगी। बहरहाल लगातार विमानों की आपात लैंडिंग से सवाल उठने शुरू हो गए हैं, जिस पर ध्यान देना भी आवश्यक हो गया है। इससे जहां विमान कंपनियों को आर्थिक नुक्सान उठाना पड़ रहा है वहीं इनकी साख पर भी असर पड़ा है।

## अहमदाबाद विमान हादसा: एयर इंडिया परिजनों से मांग रही वित्तीय जानकारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजन को एअर इंडिया मुआवजा देने से कतरा रही है। यह आरोप 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ने वाली ब्रिटेन की कानूनी फर्म स्टीवर्ट्स ने लगाए हैं। फर्म के वकील पीटर नीनन ने कहा है कि एअर इंडिया ने मुआवजा देने से पहले परिवारों से कानूनी रूप से संवेदनशील वित्तीय जानकारी मांगी, जिससे उनका हक कम हो सकता है। उधर, एअर इंडिया ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। वकील नीनन ने कहा कि एअर इंडिया पीड़ित परिवारों के साथ अनैतिक और अपमानजनक व्यवहार कर रही है। एअर इंडिया इस तरह से व्यवहार कर करीब



1,050 करोड़ रुपए बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने मामले की जांच की मांग भी की है। वहीं, उन्होंने अपने क्लाइंट्स को सलाह दी है कि वे फॉर्म न भरें और मुआवजा पाने के लिए कानूनी रास्ता अपनाएं। बता दें अहमदाबाद विमान हादसा 12 जून को हुआ था। उस वक्त विमान में 242 लोग सवार थे। इनमें एक यात्री की जान बच गई थी। इसके अलावा जिस मेडिकल हॉस्टल पर विमान गिरा था, वहां 29 लोगों की भी जान चली गई थी।

## खास खबर

### लीवरपूल के फुटबॉलर की कार हादसे में मौत

**जमोरा।** इंग्लैंड के लीवरपूल क्लब से खेलने वाले पुर्तगाल के एक फुटबॉलर की कार हादसे में मौत हो गयी है। लीवरपूल के फॉरवर्ड डिएगो की कार पुर्तगाली सीमा के करीब जमोरा प्रांत में हादसे का शिकार हो गयी। इस दौरान जोटा के साथ उनके छोटा भाई 26 साल के आंद्रे भी गाड़ी में थे। आंद्रे भी एक पेशेवर फुटबॉलर आंद्रे थे और पुर्तगाल की टीम पेनाफिल के लिए खेलते थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्पेन के जमोरा में स्थानीय फायर अधिकारियों ने बताया कि दो लोगों की हादसे में मौत हुई है। मृतकों की उम्र 28 और 26 साल थी। उनकी गाड़ी में आग लग गई थी। डिएगो जोटा के नाम 130 से ज्यादा गोल है, इस खिलाड़ी ने अंतिम गोल एवर्टन के खिलाफ मैच में किया था। अभी वह लिवरपूल से खेल रहे थे। उन्होंने अपने करियर का आखिरी गोल 2 अप्रैल को किया था। ये गोल एवर्टन और लिवरपूल के बीच खेले गए मुकाबले में बना था। लिवरपूल एफसी ने डियागो की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि इस कठिन समय में हमारी हार्दिक संवेदनाएं डियोगो के परिवार के साथ हैं।

### ब्रैथवेट ने रिचड्र्स, लॉयड के क्लब में जगह बनाई

**बारबाडोस ।** वेस्टइंडीज के क्रेग ब्रैथवेट यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए मैदान पर उतरने के साथ ही वेस्टइंडीज की ओर से 100 टेस्ट खेलने वाले 10वें क्रिकेटर बन गये। इस मैच में उतरने के साथ ही विव रिचड्र्स, क्लाइव लॉयड, ब्रायन लारा और गॉर्डन ग्रीनिज जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के क्लब में आ गये हैं। पिछले कुछ साल में ब्रैथवेट सबसे लंबे प्रारूप में वेस्टइंडीज क्रिकेट के स्तंभ बनकर उभर हैं, उन्होंने अब तक 99 टेस्ट मैचों में 12 शतकों के साथ ही कुल 5943 रन बनाए हैं, उनमें से 39 में टीम का नेतृत्व किया है। साल 2011 में डेब्यू करने के बाद से इस क्रिकेटर ने पिछले एक दशक से शानदार प्रदर्शन किया है। ब्रैथवेट ने कहा, ह्यजब मैं शायद 14 वर्ष का था तभी से मेरा लक्ष्य 100 टेस्ट खेलना था। अब मैं 18 साल बाद वेस्टइंडीज के लिए अपना सौवां टेस्ट खेल रहा हूं। मैं बहुत आभारी हूं, और मैं बस युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनना चाहता हूं। पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू मैच में ब्रैथवेट का प्रदर्शन अच्छा नहीं था और वह इस मैच में केवल 15 रन ही बना पाये थे।

### चैम्पियनशिप में पदक जीतना चाहती है वान्या

**नई दिल्ली ।** वह 3 सितंबर को मलेशिया में होने वाजी थर्ड एशिया पैसिफिक योग चैंपियनशिप में सात साल की वान्या शर्मा भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वान्या का लक्ष्य इसमें पदक जीतना है। थर्ड एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप में भारत, थाईलैंड, श्रीलंका, मलेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, नेपाल सहित 11 देश हिस्सा लेंगे। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व करने वाजी वान्या दो साल की छोटी उम्र से योग का अभ्यास कर रही हैं। अब वह सात साल की उम्र में योग में प्रशिक्षिक हो गई हैं। वह खुद भी योग करती हैं और लोगों को भी सिखाती हैं। वान्या का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड सहित कई जगह शामिल है। आगामी चैंपियनशिप के लिए वान्या जमकर तैयारी में लगी हुई हैं।

### महिला यूरो 2025: स्पेन ने पुर्तगाल को 5-0 से रौंदा

# इटली ने बेल्जियम को 1-0 से हराया



एजेंसी

**बर्न।** महिला यूरो 2025 के ग्रुप बी मुकाबलों में दो बड़े नतीजे सामने आए। मौजूदा विश्व चैम्पियन स्पेन ने पुर्तगाल को 5-0 से करारी शिकस्त दी, जबकि इटली ने बेल्जियम के खिलाफ 1-0 से महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। स्पेन की ओर से 32 वर्षीय फॉरवर्ड एस्थर गोंजालेज ने दो गोल दागे और टूनामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज स्पेनिश खिलाड़ी बनीं। उन्होंने सिर्फ 87 सेकंड में गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद 18 वर्षीय विकी लोपेज ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया, जो स्पेन की ओर से टूनामेंट में खेलने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं। कप्तान एलेक्सिया पुटेयास, जो घुटने की चोट के कारण यूरो 2022 से बाहर थीं, ने भी शानदार गोल कर यह दिखा दिया कि वह अब पूरी तरह फिट हैं। 41वें मिनट में उन्होंने तीसरा गोल किया, जबकि दो मिनट बाद गोंजालेज ने अपना दूसरा गोल करते हुए टीम की बढ़त 4-0 कर दी। मैच के आखिरी क्षणों में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी क्रिस्टीना मार्टिन-प्रियेटो ने हेडर के जरिए पांचवां गोल कर पुर्तगाल की हार को और शर्मनाक बना दिया। मैच से पहले पुर्तगाल और लिवरपूल के फॉरवर्ड डियोगो जोटा और उनके भाई की सड़क दुर्घटना में मौत पर एक मिनट का मौन रखा गया। दूसरे मुकाबले में इटली ने बेल्जियम को 1-0 से हराकर टूनामेंट की अच्छी शुरूआत की। इटली के लिए एकमात्र गोल एरियाना कारूसो ने पहले हाफ के अंतिम क्षणों में किया। बायर्न म्यूनिख की मिडफील्डर कारूसो को बेल्जियम डिफेंस ने चौंकाने वाले तरीके से पूरी तरह अनचेक छोड़ दिया। लूसिया डी गुग्लिएल्मो के पास पर कारूसो ने बॉक्स के अंदर जाकर गेंद को शानदार तरीके से पास के टॉप कॉर्नर में डाल दिया। बेल्जियम की कप्तान टेसा वुल्लार्ट ने पहले हाफ में गोल करने की दो अच्छी कोशिशें कीं लेकिन गोल नहीं कर सकीं। इटली की यह जीत यूरो 2022 में बेल्जियम से मिली हार का बदला भी मानी जा रही है। इस जीत से इटली को ग्रुप बी में बढ़त मिली है। स्पेन को ग्रुप की फेवरिट माना जा रहा है, जबकि बेल्जियम, इटली और पुर्तगाल के बीच दूसरे स्थान के लिए कड़ा मुकाबला होना तय है। इटली अब सोमवार को पुर्तगाल और चार दिन बाद स्पेन से भिड़ेगा। दोनों मैचों से पहले डियोगो जोटा और उनके भाई को श्रद्धांजलि देते हुए एक मिनट का मौन रखा गया, जिसे दोनों ही स्टेडियमों में सम्मानपूर्वक निभाया गया। यूईएफए ने इसकी घोषणा पहले ही कर दी थी।

## ग्रैंड चेस टूर : डी. गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराया



एजेंसी

**जाग्रेब(क्रोएशिया)।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर (जीएसटी) 2025 के दूसरे दिन गुरुवार को नॉर्वे के विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को छठे राउंड में हराकर सनसनी फैला दी। इस जीत के साथ गुकेश टूर्नामेंट में 10 अंकों के साथ एकल बढ़त पर पहुंच गए हैं। पहले दिन की समाप्ति पर गुकेश संयुक्त लीडर थे, लेकिन अब उन्होंने खुद को सबसे आगे कर लिया है। इससे पहले चौथे और पांचवें राउंड में उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव और अमेरिका के फाबियानो कारुआना को शिकस्त दी थी। कार्लसन ने गुकेश के खिलाफ मैच से पहले एक बयान में कहा था कि वे इस मुकाबले को ऐसे लेंगे जैसे वे किसी कमजोर खिलाड़ी से खेल रहे हों। उन्होंने कहा था, गुकेश ने यहां पिछली बार अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन यह अभी साबित होना बाकी है कि वह इस फॉर्मेट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं... मैं उसे कमजोर खिलाड़ियों में से एक मानकर खेलूंगा। लेकिन गुकेश ने बोर्ड पर शानदार चालों से करारा जवाब दिया और पूर्व विश्व चैम्पियन को चित कर दिया। गुकेश और कार्लसन के बीच यह तीन मुकाबलों की श्रृंखला का पहला मैच था, जिसे रैपिड फॉर्मेट में खेला गया। आने वाले दो मुकाबले ब्लिट्ज फॉर्मेट में खेले जाएंगे।

## केरी और वेबस्टर ने संभाली ऑस्ट्रेलिया की पारी

**वेस्टइंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया, दूसरा टेस्ट**



एजेंसी

**ग्रेनेडा।** वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले के पहले दिन गुरुवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को ऑस्ट्रेलिया की टीम 286 रन पर सिमट गई। हालांकि एलेक्स केरी और ब्यू वेबस्टर ने छठे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी कर टीम को बड़े संकट से उबारा। दोनों बल्लेबाजों ने महत्वपूर्ण अर्धशतक लगाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले ही सेशन में तीन विकेट गंवा दिए। उस्मान ख्वाजा 16 रन पर अल्जारी जोसेफ की इन-स्विंग गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। इसके तुरंत बाद सैम कॉनस्टास 25 रन बनाकर एंडरसन फिलिप की गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। स्टीव स्मिथ, जो पहले टेस्ट में उंगली की चोट के कारण नहीं खेले थे, वापसी में केवल 3 रन ही बना सके और जोसेफ की गेंद पर टॉप-एज होकर आउट हो गए। लंच से ठीक पहले कैमरन ग्रीन को जीवनदान तो मिला, लेकिन उसी ओवर की आखिरी गेंद पर वे गली में कैच होकर लौट गए। लंच के बाद ट्रैविस हेड भी ज्यादा देर नहीं टिके और शमर जोसेफ की गेंद पर विकेटकीपर शाई होप को कैच दे बैठे। उस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 110 रन पर पांच विकेट हो चुका था। इसके बाद एलेक्स केरी और ब्यू वेबस्टर ने पारी को संभाला। केरी ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और फिलिप, सील्स तथा जस्टिन ग्रीव्स जैसे गेंदबाजों की जमकर खबर ली। उन्होंने कई आकर्षक चौके लगाए और 63 रन की तेज पारी खेली। वेबस्टर ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 87 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और कुल 60 रन बनाए।

## बेसिक्स पर लौटने से मिली लय : शुभमन



एजेंसी

**बर्मिंघम ।** भारतीय टेस्ट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल ने इस दौरे में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे टेस्ट में में दोहरा शतक लगाया है। इससे भारतीय टीम अपनी पहले पारी में 587 रन का बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। इसका पीछा करते हुए मेजबान इंग्लैंड की टीम ने अपनी पहली पारी में 77 रनों के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिये। शुभमन ने इस मैच में अपनी इस रिकार्ड पारी का श्रेय (बेसिक्स) खेल की मूल बातों पर ध्यान देने को दिया है। साथ ही कहा कि इससे वह लय हासिल करने में सफल रहे हैं। इस बल्लेबाज ने कहा, कभी-कभी, जब आप धाराप्रवाह रन नहीं बना रहे होते हैं, तो आप अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना बंद कर देते हैं। आप रन बनाने की जरूरत पर बहुत ज्यादा ध्यान देते हैं। मुझे लगा कि मैंने अपनी बल्लेबाजी में वह खो दी थी। मैं रनों को लेकर इतना बेसब्र था कि मैं अपनी बल्लेबाजी का उतना आनंद नहीं ले पा रहा था। वहीं खेल की मूल बातों पर लौटने से उन्हें लय हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा, मैंने मुख्य रूप से अपने शुरूआती मूवमेंट और अपने सेटअप पर काम किया। इससे पहले मुझे लगा कि मेरी बल्लेबाजी अच्छी चल रही है। मैं टेस्ट मैचों में लगातार 30-35-40 रन बना रहा था। उन्होंने कहा, मैंने बचपन की तरह बल्लेबाजी करने की कोशिश की। मैंने 35 से 40 रन तक पहुंचने या लंबी पारी खेलने के बारे में नहीं सोचा। मैं बस अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता था। गिल ने कहा, मुझे लगा कि गेंद थोड़ी नरम थी। पिछले मैच में मैं आराम से रन बना रहा था, लेकिन यहां यह आसानी से नहीं आ रहा था।

## भारत ने 2036 ओलंपिक मेजबानी के लिए की दावेदारी पेश



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत ने 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश की है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने स्विट्जरलैंड के लूजान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अधिकारियों से मुलाकात कर आधिकारिक तौर पर ओलंपिक मेजबानी का दावा किया। भारतीय ओलंपिक संघ ने पिछले काफी समय से कहा है कि वह ओलंपिक का आयोजन करना चाहता है और उसके लिए प्रयास कर रहा है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा के अलावा केंद्रीय खेल मंत्रालय और गुजरात सरकार के प्रतिनिधि शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने औपचारिक तौर पर मेजबान शहर के तौर पर अहमदाबाद के नाम की दावेदारी की। ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने आईओसी के सामने आधिकारिक तौर पर मेजबान सिटी के तौर पर अपने किसी शहर का नाम दिया है। साल 2032 का ओलंपिक खेल ब्रिसबेन में होना है इसलिए भारत ने 2036 ओलंपिक के लिए दावेदारी की है। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष ऊषा ने कहा है, भारत में ओलंपिक खेल का होना न सिर्फ एक भव्य आयोजन होगा बल्कि उसका सभी भारतीयों पर ऐसा प्रभाव पड़ेगा जो पीढ़ियों में कभी कभार पड़ता है। उषा ने लूजान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अधिकारियों के साथ भारतीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक की तस्वीर को सोशल मीडिया पर साझा भी किया है।

## लंदन में समय बिता रहे विराट

**लंदन ।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद आजकल भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपने परिवार के साथ लंदन में रह रहे हैं। भारतीय टीम आजकल यहां टेस्ट सीरीज खेल रही है पर विराट ने उससे दूसरी बनायी हुई है और वह पूरा समय परिवार के साथ बिता रहे हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें विराट और उनकी पत्नी अनुष्का लंदन की एक सड़क पर टहलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वह कैमरे की ओर पलटकर देखते हैं और फिर अनुष्का के साथ आगे बढ़ जाते हैं। विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के समय भी लंदन में ही थे। ऐसे में ये पहली बार नहीं है जब विराट और अनुष्का को यहां देखा गया है। यहां भारतीय मूल के लोगों की काफी तादाद होने के कारण उनके प्रशंसकों की भी बड़ी संख्या काफी है।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 30वां संस्करण 6 को

▸ देशभर में 50,000 से अधिक लोग लेंगे हिस्सा




एजेंसी

**नई दिल्ली।** फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित होने वाले फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 30वां संस्करण 6 जुलाई (रविवार) को देशभर के 6000 से ज्यादा स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इसमें इस बार रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों की भागीदारी को विशेष रूप से जोड़ा गया है। इस एक दिवसीय फिटनेस अभियान में 50,000 से अधिक प्रतिभागी देशभर में साइकिल चलाकर स्वस्थ, प्रदूषणमुक्त और मोटापा रहित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएंगे। मुख्य कार्यक्रम दिल्ली में सुबह 7 बजे मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से आरंभ होगा। यहां से साइकिल सवार इंडिया गेट सी हेक्सागन होते हुए विजय चौक तक जाएंगे और फिर वापस मेजर ध्यानचंद स्टेडियम लौटेंगे। इस अभियान की शुरूआत दिसंबर 2024 में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा की गई थी। तब से यह कार्यक्रम हर रविवार हजारों स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है और हर हफ्ते 50,000 से अधिक लोग इसमें हिस्सा ले रहे हैं। डॉ. मांडविया ने कहा, फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अब एक जन आंदोलन बन चुका है। इस सप्ताह इसे रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। मैं सभी नागरिकों और समुदायों से अपील करता हूं कि वे इस पहल का हिस्सा बनें और साइकिलिंग, योग जैसे फिटनेस गतिविधियों को अपनाकर जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और प्रदूषण से लड़ें। रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को इस आयोजन में शामिल करने का उद्देश्य स्थायित्व को बढ़ावा देना और स्थानीय समुदायों से जुड़ना है। देश में 5-6 लाख रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन हैं, जो लोगों को सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वे अपने क्षेत्र में रोजाना साइक्लिंग, योग और अन्य फिटनेस गतिविधियों के लिए निवासियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।यह साइक्लिंग अभियान सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की राजधानियों, साई क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों, साई प्रशिक्षण केंद्रों, खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों और खेलो इंडिया केंद्रों में भी आयोजित किया जा रहा है।

## दिल्ली 6 ने डीपीएल के लिए ऋषभ को किया रिटेन

▸ लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइज भी शामिल की गयीं



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र में भी पुरानी दिल्ली 6 की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे। नीलामी से पहले ही पुरानी दिल्ली 6 ने ऋषभ को रिटेन करने की घोषणा की है। उन्हें मार्की खिलाड़ी के रूप में बनाये रखा गया है। पुरानी दिल्ली 6 ने डीपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। ऋषभ के होने से दिल्ली 6 को उम्मीद है कि टीम 2025 सीजन में और अधिक बेहतर प्रदर्शन करेगी। पुरानी दिल्ली 6 के प्रमोटर ने कहा, ऋषभ न केवल विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं, बल्कि पुरानी दिल्ली 6 की धड़कन भी हैं। उनका नेतृत्व, अनुभव और प्रतिभा हमें बढ़त दिलाती है। उनके रहने से हमारी टीम बेहतर होकर जीत की ओर बढ़गी। वहीं दिज्ली जिला क्रिकेट संघ ने इस सत्र से दो नई पुरुष फ्रेंचाइज भी शामिल की हैं। इसमें बाहरी दिल्ली और नई दिल्ली फ्रेंचाइजी है। इससे लीग में टीमों की संख्या छह से बढ़कर 8 हो जाएगी। आगामी सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 जुलाई और 7 जुलाई को होगी। वहीं टीम में रिटेन किये जाने से ऋषभ भी खुश हैं उन्होंने कहा, ह्यडीपीएल युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करता है और इस लीग को सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय रोहन जेटली और डीडीसीए को जाता है। इस लीग से कई प्रतिभाएं सामने आयी हैं। जिनमें दिग्वेश राठी, प्रियांश आर्य सहित कई अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। उन्होंने कहा, ह्यपुरानी दिल्ली 6 में पिछले साल के अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम इस साल भी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

## जोकोविच ने विंबलडन में अपना 99वां मैच जीता

▸ इवांस को हराकर तीसरे दौर में पहुंचे



एजेंसी

**लंदन ।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंच गये हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रहे जोकोविच ने दूसरे दौर में ब्रिटेन के डैन इवांस को 6-3, 6-2, 6-0 से हरा दिया। इसी के साथ ही जोकोविच ने विंबलडन में अपना 99वां मैच जीता है। इसी के साथ ही वह तीसरे दौर में 19वीं बार पहुंचे हैं। ये ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का अब तक का सबसे अच्छा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं स्विटजरलैंड के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में जगह बनायी। जोकोविच ने जीत के बाद कहा, ह्य19 बार, यह एक शानदार आंकड़ा है। यह संख्या यानिक सिनर और कार्लोस अल्कारेज की उम्र के करीब है। गौरतलब है कि पिछले दो विंबलडन फाइनल में जोकोविच को 22 साल के अल्कारेज और 23 साल के सिनर ने हराया था। वहीं महिल एकल में सातवीं वरीयत प्राप्त मीरा आंद्रीवा और 10वीं वरीयता प्राप्त ऐमा नवारो ने सीधे सेट में जीत हासिल की। एक अन्य मैच में आंद्रीवा ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-6 से पराजित किया जबकि नवारो ने वेरोनिका कुदरमेतोवा को 6-1, 6-2 से हराया। विंबलडन विजेता एलेना रिबाकिना ने मारिया सकारी को 6-3, 6-1 से पराजित किया। पुरुष एकल में एलेक्स डि मिनोर ने आर्थर केजॉक्स को 4-6, 6-2, 6-4, 6-0 से हराया जबकि ग्रेगोर दिमित्रोव ने कोरेनटिन मोटेट को 7-5, 4-6, 7-5, 7-5 से हराया।


# मैट रेनशॉ और जेसन सांघा करेंगे ऑस्ट्रेलिया-ए की कप्तानी

▸ श्रीलंका-ए के खिलाफ होगी सीरीज



एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय टीम की नई संरचना की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, अनुभवी बल्लेबाज मैट रेनशॉ को ऑस्ट्रेलिया-ए की 50 ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं, प्रतिभाशाली बल्लेबाज जेसन सांघा को श्रीलंका-ए के खिलाफ चार दिवसीय मुकाबलों के लिए कप्तानी सौंपी गई है। श्रीलंका-ए की टीम तीन एकदिवसीय और दो चार दिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। यह मुकाबले डार्विन के मारारा ओवल में 5 जुलाई से शुरू होंगे। चार दिवसीय मुकाबले क्रमशः 13 और 20 जुलाई से खेले जाएंगे। हालांकि, अनुभवी नाथन मैकस्वीनी टीम का हिस्सा हैं और वे ऑस्ट्रेलिया-ए के नियमित कप्तान रहे हैं, फिर भी चयनकर्ताओं ने इस बार नेतृत्व की जिम्मेदारी रेनशॉ और सांघा को सौंपने का फैसला किया है। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह फैसला युवा खिलाड़ियों को नेतृत्व का अनुभव देने की रणनीति के तहत लिया गया है। बेली ने एक बयान में कहा, नाथन मैकस्वीनी स्वाभाविक लीडर हैं, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए, साउथ ऑस्ट्रेलिया और प्रधानमंत्री एकादश के लिए शानदार कप्तानी की है। लेकिन हम चाहते हैं कि रेनशॉ और सांघा को भी नेतृत्व का अनुभव मिले। 29 वर्षीय रेनशॉ ने अब तक केवल दो बार पेशेवर क्रिकेट में कप्तानी की है – वह भी 2022 में इंग्लैंड में समरसेट की ओर से। दूसरी ओर, 25 वर्षीय सांघा के पास अधिक कप्तानी अनुभव है। उन्होंने न्यू साउथ वेल्स के लिए शील्ड मैच और सिडनी थंडर के लिए बीबीएल में नेतृत्व किया है। इसके अलावा, उन्होंने अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी। रेनशॉ को अब तक टेस्ट विशेषज्ञ माना जाता था, लेकिन हाल के घरेलू एकदिवसीय प्रदर्शन से वह लिमिटेड ओवर टीम में जगह बनाने के दावेदार बन गए हैं। उन्होंने लिस्ट ए क्रिकेट में छह शतक लगाए हैं, जिनमें से चार नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए आए हैं। उनका नंबर-4 पर औसत 45.07 और स्ट्राइक रेट 97.50 है। पिछले 10 लिस्ट ए मैचों में उनका स्ट्राइक रेट 112.69 रहा है। ऑस्ट्रेलिया को अगले दो वर्षों में 2027 वनडे विश्व कप की तैयारी के तहत नई ओडीआई टीम तैयार करनी है, खासकर स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल के संन्यास के बाद। रेनशॉ की 360-डिग्री बल्लेबाजी शैली और बाएं हाथ के विकल्प के रूप में मौजूदगी उन्हें मजबूत दावेदार बनाती है। वहीं, सांघा ने हाल ही में शील्ड सीजन में 704 रन बनाए, जिसमें तीन शतक शामिल हैं। उन्होंने फाइनल में 126 रन की मैच विनिंग पारी खेली थी। हालांकि वह नंबर-3 पर औसतन 36.78 रन ही बनाते हैं, लेकिन नंबर-4 पर उनका औसत 45.25 है।



बर्न में यूईएफए फुटबॉल में मैच के बाद हताश नजर आयीं पुर्तगाल की तातिआना पिंटो।



# एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान घायल हुईं अदा शर्मा

फिल्म अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग के दौरान घायल हो गई। एक्शन-थ्रिलर फिल्म की शूटिंग के दौरान उनकी नाक पर गंभीर चोट लगी है। 'द केरल स्टोरी' फेम अदा ने बताया कि यह चोट एक एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान लगी। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि अदा इस फिल्म में जोरदार एक्शन सीक्वेंस करती नजर आएंगी। यह हादसा एक स्टंट रिहर्सल के दौरान हुआ। 'कमांडो 2' और 'कमांडो 3' में अपने शानदार एक्शन के बाद, अदा इस नई फिल्म में एक्शन का स्तर और ऊंचा करने वाली हैं। चोट के बावजूद, अदा ने अपने जज्बे को बनाए रखा और कहा, दर्द अस्थायी है, लेकिन सिनेमा हमेशा चलता रहेगा। अब मैं एक एक्शन हीरोइन जैसी दिखती हूं। जिस रात मुझे चोट लगी, अगले दिन मैं एक रोमांटिक म्यूजिक वीडियो की शूटिंग कर रही थी। शूटिंग के बीच मैं सूजन कम करने के लिए आइस पैक का इस्तेमाल कर रही थी और मेकअप की मदद से चोट को छिपाया गया। अदा की अपकमिंग एक्शन-थ्रिलर के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। इसके अलावा, अभिनेत्री तीन भाषाओं में बनी फिल्म में 'देवी' की भूमिका निभाती नजर आएंगी, जिसकी तैयारी उन्होंने पूरी कर ली है। फिल्म का निर्देशन बीएम गिरिराज कर रहे हैं। अदा के पास 'रीता सान्याल सीजन 2' और एक अनटाइटल्ड हॉरर फिल्म भी है, जिसमें वह लीड रोल में नजर आएंगी। अदा ने अपनी भूमिकाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बारे में बताया, मुझे इतने शानदार किरदार निभाने और प्रतिभाशाली फिल्म मेकर्स के साथ काम करने का मौका मिला, मैं बहुत लकी हूं। चाहे वह 'द केरल स्टोरी' जैसी कहानियां हों या 'रीता सान्याल' जैसे किरदार, मैं इन्हें और भी वास्तविक और प्रामाणिक बनाने की कोशिश करती हूं।



# पुरी जगन्नाथ की फिल्म में विजय सेतुपति के साथ दिखेंगी संयुक्ता



निर्देशक पुरी जगन्नाथ की बहुप्रतीक्षित अपकमिंग फिल्म की शूटिंग अब जुलाई के पहले सप्ताह से शुरू होगी। फिल्म में अभिनेता विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। पुरी जगन्नाथ की इस महत्वाकांक्षी फिल्म को लेकर प्रशंसकों और सिने प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। पहले यह शूटिंग जून के आखिरी सप्ताह में शुरू होने वाली थी, लेकिन अब इसे जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू करने का फैसला लिया गया है। फिल्म की शूटिंग के पहले शेड्यूल में विजय सेतुपति के साथ अन्य एक्टर्स भी नजर आएंगे। यह फिल्म पुरी जगन्नाथ के प्रोडक्शन हाउस पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले बन रही है, जिसे चार्मी कौर प्रस्तुत कर रही हैं। इसके साथ ही जेबी मोशन पिक्चर्स और जेबी नारायण राव कोंड्रोल्ला के सहयोग से फिल्म की भव्यता को और बढ़ाया जाएगा।

फिल्म में अभिनेत्री संयुक्ता, विजय सेतुपति के साथ मुख्य भूमिका में दिखेंगी, जबकि तब्बू और विजय कुमार महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आएंगे। सूत्रों के अनुसार, संयुक्ता का किरदार कहानी में महत्वपूर्ण होगा। वह शानदार अंदाज में फिल्म में दिखेंगी। संयुक्ता इस कहानी और अपने किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

पहले शेड्यूल के लिए हैदराबाद और चेन्नई में लोकेशन की खोज पूरी हो चुकी है। यह पैन-इंडिया फिल्म हिंदी के साथ तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। पुरी जगन्नाथ अपनी शानदार कहानी कहने की शैली के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म में वह विजय सेतुपति की प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस के साथ अपने खास अंदाज को पेश करेंगे। यह फिल्म एक कमर्शियल एंटरटेनर फिल्म होगी, जिसमें अनूठी कहानी और पुरी के खास निर्देशन का मिश्रण होगा। सभी प्री-प्रोडक्शन तैयारियां हो चुकी हैं। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। पुरी जगन्नाथ साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सफल निर्देशक हैं, जो तेलुगू फिल्म बदरी, इत्लु श्रावणी सुब्रमण्यम, अप्पू, इडियट, देसमुदुरु, बिजनेसमैन, और पोकरी जैसी सफल फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।

# टीवी इंडस्ट्री में बदल रही महिलाओं की स्थिति सराहनीय



टेलीविजन अभिनेत्री नायरा बनर्जी ने छोटे पर्दे पर जेंडर भेदभाव से परे भूमिकाओं के बदलते स्वरूप पर बात की। उन्होंने महिला-केंद्रित शो की बढ़ती लोकप्रियता की सराहना की। हालांकि, अभिनेत्री का मानना है कि वास्तविक रूप से जिंदगी के गाड़ी के ये दोनों पहिए जरूरी हैं। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में नायरा ने कहा, सच्ची कहानियां दोनों जेंडर की भावनाओं को दिखाती हैं, क्योंकि परिवार और अच्छी कहानियां साझा अनुभवों पर बनती हैं।

उन्होंने बताया, पहले फिल्मों में महिलाएं सिर्फ सजावटी किरदार थीं। अब टीवी पर स्थिति उलट है, महिलाएं मुख्य भूमिकाओं में हैं और पुरुष पृष्ठभूमि में। मुझे लगता है कि दोनों को बराबर महत्व मिलना चाहिए। परिवार जोड़ों से बनते हैं और दोनों की भावनाएं मायने रखती हैं। टीवी भले ही महिलाओं को ज्यादा तवज्जो देता हो, लेकिन वास्तविक कहानियों में दोनों का योगदान जरूरी है। नायरा ने अपने नए म्यूजिक वीडियो 'मैं तेरी हूं' के बारे में भी बताया। इस गाने को अहान ने गाया और लिखा है। नायरा ने कहा, इस गाने के बोल 'मैं तेरी हूं' ने मुझे बहुत प्रभावित किया। छह महीने पहले मैंने इसे सुना और तुरंत पसंद कर लिया, लेकिन व्यस्तता के कारण शूटिंग नहीं कर पाई। बाद में जब यह गाना फिर से मेरे पास आया, मैंने तुरंत हामी भर दी। 'दिव्या दृष्टि' फेम अभिनेत्री ने सच्चे प्यार की परिभाषा पर भी बात की। उन्होंने कहा, आज के भावनात्मक रूप से नाजुक दौर में आत्म-प्रेम सबसे जरूरी है। मानसिक और शारीरिक शांति बनाए रखना महत्वपूर्ण है। मुझे प्यार और शादी का विचार पसंद है। दो लोग मिलकर जिंदगी बनाएं और दोस्तों की तरह एक साथ बूढ़े हों। मुझे उम्मीद है कि ऐसा प्यार आज भी मौजूद है। अभिनय करियर की बात करें तो नायरा ने 'दिव्या दृष्टि' में मुख्य भूमिका से लोकप्रियता हासिल की। इसके अलावा, वह 'फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 13' और 'बिग बॉस 18' में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवा चुकी हैं।




# धनुष-कृति सेनन स्टारर तेरे इश्क़ में... की शूटिंग पूरी

आनंद एल राय द्वारा निर्देशित और धनुष व कृति सेनन अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म तेरे इश्क़ में की शूटिंग अब सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है। इस फिल्म का निर्माण आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा और भूषण कुमार ने किया है, और इसके भावनात्मक कहानी व नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी को लेकर दर्शकों में पहले से ही जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। अभिनेता धनुष ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर यह रोमांचक अपडेट साझा करते हुए फैंस के साथ अपनी खुशी जाहिर की। यह घोषणा उन अटकलों को खत्म करती है जो फिल्म के निर्माण की स्थिति के बारे में चल रही थीं। आनंद एल राय के सिग्नेचर स्टोरीटेलिंग स्टाइल के साथ तेरे इश्क़ में एक गहराई से भरी और भावनात्मक सिनेमाई यात्रा होने का वादा करती है। यह फिल्म दर्शकों को प्यार, रिश्ते और मानवीय भावनाओं के जटिल ताने-बाने को एक नए दृष्टिकोण से दिखाएगी। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ के साथ-साथ कलर येलो प्रस्तुत करते हैं तेरे इश्क़ में। फिल्म को आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा ने प्रोड्यूस किया है, जबकि भूषण कुमार और कृष्ण कुमार सह-निर्माता हैं। आनंद एल राय द्वारा निर्देशित इस फिल्म की पटकथा हिमांशु शर्मा ने लिखी है। धनुष और कृति सेनन द्वारा अभिनीत यह फिल्म 28 नवंबर 2025 को हिंदी और तमिल दोनों भाषाओं में दुनिया भर के सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज होने वाली है।



# तेजस्वी के साथ रिश्ते में दरार की अफवाहों पर करण ने दिया जवाब



**करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश चार साल से रिलेशनशिप में हैं। कपल की मुलाकात रियलिटी शो बिग बॉस 15 में हुई थी। तब से दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है। मगर कुछ यूट्यूब चैनल की तरफ से ऐसा दावा किया गया कि दोनों का रिश्ता फर्जी है। कुछ में कहा गया कि रिश्ते में दरार आ गई है। ऐसी अफवाहों पर करण कुंद्रा ने प्रतिक्रिया दी है।**

## फेक रिलेशनशिप की खबरों को बताया फर्जी

करण कुंद्रा पर अपनी एक्स गर्लफ्रेंड अनुषा दांडेकर को धोखा देने का आरोप भी लगाया है। इस तरह की खबरों और दावों पर रिएक्ट करते हुए करण ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है। उन्होंने फर्जी खबरें प्रसारित करने वाले यूट्यूब चैनल को आड़े हाथों लिया है। करण कुंद्रा कुछ यूट्यूब वीडियोज के स्क्रीनशॉट्स शेयर करते हुए लिखा है, थोड़ा और पैसा लगाओ मेरे शुभचिंतकों, दाल गल नहीं रही तुम्हारी।

## गो फंड मी स्थापित करने पर विचार कर रहा हूं

करण कुंद्रा ने एक्स पर भी कई नेटिजन्स को जवाब दिए हैं। एक को जवाब देते हुए उन्होंने लिखा है, इन लोगों के लिए एक गो फंड मी स्थापित करने के बारे में सोच रहा हूं, क्योंकि बेचारे कम बजट वाले पेजों को ही भुगतान कर रहे हैं दुखद। करण के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे कुकिंग-रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 में नजर आ रहे हैं। इसमें उनके पार्टनर एल्विश यादव हैं।

## ये मीडिया पेज नहीं

करण कुंद्रा का कहना है कि उनके खिलाफ चल रहीं ऐसी खबरें पेड हैं। इसके अलावा एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कुछ नेटिजन्स को जवाब देते हुए यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसी खबरें प्रसारित करने वाले मीडिया पेज नहीं हैं, बल्कि ये यूट्यूब चैनल हैं, जो सिर्फ पैसे के लिए झूठी खबरें फैला रहे हैं। करण कुंद्रा ने कहा, ये मीडिया पेज नहीं हैं। ये पेज पैसे के लिए ऐसा करते हैं।



# धूम से लेकर गुरू तक, इन फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए मशहूर हैं अभिषेक बच्चन

**30 जून 2000 में अभिषेक बच्चन ने बॉलीवुड की दुनिया में डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म रिफ्यूजी थी, जिसकी आज सिल्वर जुबली मनाई जा रही है। इस फिल्म में अभिनेता की एक्टिंग को काफी सराहना मिली थी। अभी तक के करियर में अभिषेक बच्चन ने कई फिल्मों में शानदार काम किया है। इसके अलावा आजकल अभिनेता अपनी आगामी फिल्म कालीधर लापता से भी चर्चा में हैं, जो 4 जुलाई को जी5 पर रिलीज होने वाली है। चलिए जानते हैं उनकी जबरदस्त फिल्मों के बारे में।**

## युवा

मणिरत्नम के निर्देशन में साल 2004 में एक क्राइम थ्रिलर फिल्म आई युवा। इसमें अभिषेक बच्चन ने लल्लन सिंह की भूमिका निभाई थी, जो एक षणयंत्र में फंस जाते हैं। फिल्म में अभिनेता के अलावा अजय देवगन, करीना कपूर खान और विवेक ओबरॉय जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिका में थे।

## गुरू

साल 2007 में मणिरत्नम के निर्देशन में एक फिल्म रिलीज हुई गुरू। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन के साथ ऐश्वर्या राय बच्चन, मिथुन चक्रवर्ती, आर माधवन और विद्या बालन नजर आए थे। फिल्म की कहानी की बात करें तो इसमें दिखाया जाता है कि बेहद ही सरल और सामान्य आदमी मुंबई आता है और वो बहुत बड़ा उद्योगपति बन जाता है। इसमें अभिषेक बच्चन ने शानदार अभिनय किया था।

## मनमर्जियां

अभिषेक बच्चन अभिनीत मनमर्जियां साल 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी रोमांटिक-ड्रामा जॉनर की थी। इसमें अभिनेता ने बॉबी भाटिया का किरदार निभाया था। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया था। मनमर्जियां में अभिषेक बच्चन के अलावा विक्की कौशल, तापसी पन्नू जैसे कलाकार मौजूद थे।

## पा

आर बाल्की के निर्देशन मे साल 2009 में पा फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन नजर आए थे। फिल्म में असल जिंदगी से उलट अभिषेक बच्चन, बिग बी के पिता बने थे और और अमिताभ बच्चन उनके बेटे के रोल में नजर आए थे। इस फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं।

# रिद्धि डोगरा ने दिया जीवन का मूल मंत्र, बोलीं- 'दिखावे में अपने जड़ों को ना भूलें'

बॉलीवुड अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस मॉडर्न ऑफ शोल्डर ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस बेहद ही कूल अंदाज में पोज देकर फोटोज क्लिक करा रही हैं। इस तस्वीर में अभिनेत्री हंसती-खिलखिलाती हुई पलों को एंजाय करती दिख रही हैं। अगर इसकी बात करें तो इसमें अभिनेत्री ने लिखा कि आप अपने जिंदगी को खुलकर जिएं, जो आप हैं उसी तरह। बहुत दिखावटी में ना जिएं। इसके अलावा अभिनेत्री ने पोस्ट के साथ कैप्शन भी दिया है। उन्होंने कहा कि आप अपने मूल का ना भूलें, क्योंकि वही आपके लिए सबसे बड़ा उपहार है। इसके साथ ही आपको मिली एक-एक सांस बहुत कीमती है, उसका आनंद लें। रिद्धि डोगरा के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार द साबरमती रिपोर्ट में देखा गया था।



# मुख्यमंत्री ने दिया 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' का मंत्र

## पीसीएस के प्रशिक्षु अधिकारियों से की लम्बी बात



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल और प्रभावी अधिकारी बनने के लिए 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' का मंत्र दिया है। पीसीएस 2022 बैच के 7 और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के प्रशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना, बड़ी चुनौतियों से भरा है। यह चुनौतियां ही आपके व्यक्तित्व को निखारेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल, विविधताओं से भरा राज्य प्रशासनिक रूप से भी अनेक चुनौतियों से जुड़ा है। ऐसे राज्य की सेवा का अवसर प्राप्त होना न केवल गौरव की बात है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व और दृष्टिकोण को गहराई से परखने और निखारने का भी माध्यम है। प्रशिक्षण के उपरांत प्रारंभिक 05-06 वर्षों का व्यवहार, दृष्टिकोण और कार्यशैली आने वाले तीन-चार दशकों की दिशा तय कर देता है।

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संवाद, सकारात्मकता और संवेदनशीलता को कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा, 'जनता से जुड़ाव और फैसलों में मेरिट को प्राथमिकता दीजिए। उन्होंने एक अधिकारी के रूप में वे सभी गरीब और कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों का ध्यान भूमि विवादों, पैमाइश और में बंदी जैसे विषयों की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि इनमें देरी से जनता में निराशा आती है। इन विषयों के प्रति विशेष संवेदनशीलता होनी चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों से जनहित को सर्वोपरि रखने और निर्णय प्रक्रिया में ईमानदारी व निष्पक्षता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इन प्रशिक्षु अधिकारियों की ऊर्जा, नवाचार और समर्पण से प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था को एक नई गति और दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम) के निदेशक व्यंकटेश्वर लू, अपर निदेशक सुनील कुमार चौधरी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# महिलाएं फ्राइब्रॉइड्स (गांठें) की समस्या को न करें नजरअंदाज

## फेलिक्स अस्पताल में महिला की ओपन सर्जरी कर बचाई गई जान

**नोएडा (चेतना मंच)।** फेलिक्स अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने एक महिला की जान बचाने में सफलता प्राप्त की। लंबे



समय से अत्यधिक मासिक रक्तस्राव और गर्भाशय में गांठों (फाइब्रॉइड्स) से पीड़ित 40 वर्षीय महिला पूनम का सफल ऑपरेशन कर उनका गर्भाशय और दोनों अंडाशय निकाले गए। इस जटिल ऑपरेशन का नेतृत्व वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा छपराना ने किया।

डॉक्टर सीमा के अनुसार मरीज पूनम ऑपरेशन से पूर्व हेवी ब्लीडिंग की शिकायत पर एक सप्ताह पहले अस्पताल आई थी। पूर्व में उसने कई सरकारी और निजी अस्पताल के चिकित्सकों की सलाह पर कई दवाएं ली। लेकिन कोई आराम नहीं मिला था। महिला ने बताया कि पहले उसकी दो सिजेरियन सर्जरी हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच के बाद पाया कि महिला के गर्भाशय में कई फाइब्रॉइड्स मौजूद थीं। यूट्रस चिपका हुआ था। यह गांठें गर्भाशय की आगे और पीछे की दीवारों में फैली हुई थीं। जिससे यह 14-16 सप्ताह की गर्भावस्था जितना बड़ा प्रतीत हो रहा था। डॉ. सीमा छपराना और डॉक्टरों की टीम ने ओपन सर्जरी करने का निर्णय लिया। लेकिन सर्जरी आगे के बजाए पीछे से की गई। जांच में पता चला कि अंडाशय गर्भाशय की पिछली सतह से चिपका हुआ था। जबकि ब्लैडर गर्भाशय की अगली सतह से चिपका मिला। ऑपरेशन करते समय डॉक्टरों ने जमे हुए टिश्यू को ध्यानपूर्वक हटाया और ब्लैडर की सतह को सुरक्षित रूप से अलग किया। इसके बाद गर्भाशय को सहारा देने वाली संरचनाएं जैसे यूटेराइन लिगामेंट, फैलोपियन ट्यूब्स और अंडाशय को सावधानीपूर्वक काटकर हटाया गया। करीब तीन घंटे तक चली सर्जरी के बाद ऑपरेशन सफल रहा।

डॉ. सीमा छपराना और डॉक्टरों की टीम की लगातार निगरानी और देखभाल के चलते महिला की हालत अब स्थिर है और उन्हें शीघ्र ही अस्पताल से छुट्टी दी जाएगी। इस सर्जरी में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप ने बेहोशी एवं दर्द प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली। महिला अब पूरी तरह खतरे से बाहर है।

डॉ. सीमा छपराना ने बताया कि महिलाओं में फाइब्रॉइड्स (गांठें) एक आम समस्या है। जो गर्भाशय की मांसपेशियों में बनती हैं। यह स्थिति कई बार अत्यधिक और अनियमित मासिक रक्तस्राव, पेट में भारीपन, दर्द, बांझपन और थकावट का कारण बनती है। कई बार यह गांठें दवाओं से नियंत्रित नहीं होतीं, ऐसे में ऑपरेशन ही अंतिम विकल्प बन जाता है। समय पर सफल सर्जरी से मरीज की जान बची है। आज आधुनिक तकनीक और कुशल चिकित्सा विशेषज्ञता से गंभीर स्त्रीरोग संबंधी समस्याओं का समाधान संभव है।

# हैंडलूम हैकाथॉन-2025 की घोषणा, अगस्त में प्रतियोगिता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 2025 के उपलक्ष्य में, विकास आयुक्त (हथकरघा) ने 'हैंडलूम हैकाथॉन 2025- वीविंग इनोवेशन' की घोषणा




की है। नेशनल डिज़ाइन सेंटर, आईआईटी दिल्ली के सहयोग से आयोजित यह प्रतियोगिता 2 और 3 अगस्त, 2025 को आईआईटी दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक हथकरघा उद्योग को युवाओं की नई सोच, तकनीक और रचनात्मकता से जोड़ना है।

विकास आयुक्त (हथकरघा), डॉ. एम. बीना ने बताया कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस न केवल हमारे कारीगरों के योगदान को सम्मान देने का अवसर है, बल्कि यह दिन हमें उनके काम को और आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी देता है। 'हैंडलूम हैकाथॉन 2025' इसी सोच से शुरू किया गया है- ताकि युवा पीढ़ी अपने विचारों से इस परंपरा को मजबूती दे सके।'

इस हैकाथॉन का फोकस डिज़ाइन इनोवेशन, बाजार तक आसान पहुंच, स्थिरता, कौशल विकास और सामुदायिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर है। 'सपना देखो; कर दिखाओ' की थीम पर आधारित यह प्रतियोगिता विभिन्न पृष्ठभूमि से आए प्रतिभागियों को जोड़ने का प्रयास है - जिसमें फैशन, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग, डिजाइन और हथकरघा क्षेत्र से जुड़े छात्र, कारीगर शामिल हैं।

हैकाथॉन में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इच्छुक प्रतिभागी 31 जुलाई, 2025 तक www.youthideathon.in/handloom पर पंजीकरण कर सकते हैं। प्रतियोगिता में चुने गए श्रेष्ठ विचारों को न केवल पुरस्कार दिए जाएंगे, बल्कि उन्हें आगे लागू के लिए आवश्यक समर्थन भी दिया जाएगा। विकास आयुक्त (हथकरघा) की ओर से इन विचारों को प्रयोग के स्तर पर लागू करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# जेबीयू में लगाये गये 5 हजार फलदार पौधे

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** वन महोत्सव-2025 की थीम 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' तथा 'एक पेड़ गुरु के नाम' के अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी गौतमबुधनगर प्रमोद कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी, सिकंदराबाद कासना रेंज, श्रीमती अनामिका के नेतृत्व में सिकंदराबाद (कासना) रेंज के अंतर्गत गौतमबुध विश्वविद्यालय में मुख्य अतिथि डा0 विश्वास त्रिपाठी, रजिस्टार, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि डा0 विवेक कुमार मिश्रा, निर्देशक गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय तथा डा0 नागेंद्र, निदेशक उद्यान, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा अर्जुन, आवला, अमरूद इत्यादि का पौधा रोपित कर 'बाल वन' की स्थापना कराते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस वर्ष विश्वविद्यालय परिसर में 2 हेक्टेयर भूमि पर 5000 फलदार पौधे रोपित किए गए। जिसमें मुख्यत: अमरूद आंवला प्रजाति रहेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अध्यापक एवं अधिकारी, कर्मचारी तथा सिकंदराबाद वन रेंज की टीम उपस्थिति रही।

# किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास जरूरी : जिलाधिकारी




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय क्लस्टर सुविधा इकाई की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में चावल निर्यातक फर्म मैसर्स केआरबीएल लिमिटेड ग्राम अच्छेजा ग्रेटर नोएडा द्वारा वर्ष 2023-24 में किए गए चावल निर्यात में से 15660 कुंतल चावल के अभिलेख निर्धारित समय अंतर्गत प्रस्तुत नहीं किए जाने के फलस्वरुप निर्यात नीति में दी गई व्यवस्था के अंतर्गत अतिरिक्त समय की मांग की गई।

जिलाधिकारी एवं इकाई के सदस्यों द्वारा चावल निर्यात को बढ़ावा देने एवं मैसर्स केआरबीएल द्वारा विगत वर्षों में किए गए कारोबार के अभिलेख जमा करने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गई।

बैठक में मंडी सचिव द्वारा जनपद में प्रस्तावित कृषि आधारित क्लस्टरों की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि मंडी परिषद की ओर से किसानों को विपणन, भंडारण, और मूल्य संवर्धन में सहूलियत देने हेतु विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कृषि क्लस्टरों के माध्यम से एकीकृत विपणन, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की दिशा में ठोस प्रयास जरूरी हैं। मंडी सचिव यह सुनिश्चित करें कि स्थानीय किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) से सतत समन्वय बना रहे और मंडियों के माध्यम से किसानों को उचित मूल्य मिल सके।

ैठक में उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग सर्वेश मिश्रा, मंडी सचिव पंकज शर्मा, डीडीएम नाबार्ड अलका, गौतम बुद्धा ऑर्गेनिक फार्मिंग से शिव कुमार, हरनंदी कृषि उत्पादक संगठन संजय शर्मा एवं ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक आदि सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

# जैव विविधता में सहयोग करती है देशी प्रजातियां : डॉ. पांडेय

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय के नैचुरल रिर्सोस एंड एनवांयरमेंटल साइंसेस द्वारा ''वन क्षेत्र के बाहर सतत आजीविका और जैव विविधता संरक्षण के लिए देशी प्रजातियों के पौधारोपण की भूमिका'' विषय पर ऑनलाइन चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस चर्चा सत्र में मध्य प्रदेश की पूर्व प्रिसिंपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट डा गोपा पांडेय (आईएफएस सेवानिृवत्त), हरियाणा के पूर्व प्रिसिंपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट डा आर के सपरा (आईएफएस सेवानिृवत्त), मणिपुर के पूर्व प्रिसिंपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट आर.के.श्रीवास्तव (आईएफएस सेवानिृवत्त) और एमिटी विश्वविद्यालय के नैचुरल रिर्सोस एंड एनवांयरमेंटल साइंसेस के प्रमुख डा एस पी सिंह ने अपने विचार रखे।



चर्चा सत्र को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश की पूर्व प्रिसिंपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट डा गोपा पांडेय (आईएफएस सेवानिृवत्त) ने कहा कि वर्तमान में हर विद्यालय और विश्वविद्यालयों में बडे स्तर पर वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिससे छात्रों के जरीए पौधारोपण का प्रचार प्रसार उनके परिवारों, आसपास के व्यक्तियों तक पहुंच रहा है। डॉ. पांडेय ने कहा कि कृषि क्षेत्रों ने भी वृक्षोंरोपण में सहयोग किया है और शहरी वृक्षारोपण ने हरित फेफड़ों को बढ़ाया है। यह समय देशी प्रजातियों को लगाने का सही समय है क्योकी यहां की जलवायु और मृदा उनके लिए बेहतरीन पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करती है। देशी प्रजातियों, जैव विविधता को भी सहयोग करती है।

हरियाणा के पूर्व प्रिसिंपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट डा आर के सपरा (आईएफएस सेवानिृवत्त) ने कहा कि हरियाणा में वन नही थे इसलिए हमनें ''वन क्षेत्र के बाहर वृक्ष'' पर कार्य किया। 1988 में लकड़ी आधारित उद्योगों को कच्चे माल के लिए स्वंय इंतजाम करने का आदेश मिला जिसने ट्री आउटसाइड फॉरेस्ट को बढ़ावा दिया।

वृक्षों की कमी और पानी निकास व्यवस्था की सही व्यवस्था ना होने के कारण आज हर शहर में बाढ़ जैसे हालात बन जाते है। डा सपरा ने कहा कि वृक्ष, ईश्वर द्वारा दिया गया उपहार है, भारत का 23.6 प्रतिशत क्षेत्र वन है।

मणिपुर के पूर्व प्रिसिंपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट आरके श्रीवास्तव (आईएफएस सेवानिृवत्त) ने कहा कि वर्तमान में केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा वृक्षारोपण के लिए कई पहल की गई है जिसमें स्थानीय समुदाय और किसानों की भागीदारी को सुनिश्चत किया गया है। कृषि वानिकी भी वृक्षों को बढ़ाने में सहयोग कर रहे है।

